# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### भाजपा नगर मंडल पुरानी इटारसी ने आजीवन समर्पण निधि का लक्ष्य किया पूरा

**इटारसी, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी समर्पण निधि अभियान का कार्यक्रम चल रहा है। प्रत्येक मंडल को समर्पण निधि का लक्ष्य संगठन ने दिया है। भाजपा नगर मंडल पुरानी इटारसी ने यह लक्ष्य पूर्ण करते हुए समर्पण निधि की राशि पार्टी की जिलाध्यक्ष श्रीमती प्रीति पवन शुक्ला को जमा



कराई। जिलाध्यक्ष श्रीमती शुक्ला ने मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो सहित मंडल के प्रत्येक वरिष्ठ व कनिष्ठ कार्यकर्ता को धन्यवाद ज्ञापित किया और उनके कार्य की सराहना की है। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष माधवदास अग्रवाल, अभियान जिला प्रभारी विवेक गौर, भाजपा जिला मंत्री उमेश पटेल, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष जयकिशोर चौधरी, आजीवन सहयोग निधि मंडल प्रभारी पंकज मणि पहाड़िया, भाजपा मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो उपस्थित रहे।

### कॉलेज में संविधान का अमृत महोत्सव के तहत हुई पोस्टर प्रतियोगिता

**इटारसी, देशबन्धु।** शासकीय महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय इटारसी में राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती सुशीला वरवड़े के मार्गदर्शन में 'डॉ भीमराव अंबेडकर की 32 डिग्रियां' पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



प्राचार्य डॉ राकेश मेहता ने विद्यार्थियों में उत्साह बढ़ाया और कहा कि पोस्टर प्रतियोगिता में विद्यार्थियों में रचनात्मक ढंग से सोचना होता है जिससे आप श्रेष्ठ तरीके से अपने विचारों को पोस्टर पर अभिव्यक्त कर सकते हैं। इसमें विद्यार्थियों को अपने विचारों का आदान प्रदान करने का अवसर प्राप्त होता है, इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में ज्ञान और जागरूकता को बढ़ावा देना है। श्रीमती सुशीला वरवड़े ने कहा कि यह संविधान का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है हर दिन समय सारणी के अनुसार प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आज पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शेष प्रतियोगिताएं भी समय सारणी के अनुसार होगी। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम हिमांशी यादव, द्वितीय साहिल यादव, मुस्कान धुर्वे एवं तृतीय हेमा पटेल एवं कुमकुम सैनी रहीं। अंजना वाथरी, मनीषा उइके, आरती यादव ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ राकेश मेहता, श्रीमती सुशीला वरवड़े डॉ असुंता कुजूर, डॉ. मुकेश जोठे डॉ मनीष चौरे, योगेश गौर, डॉ दुर्गेश कुमार लसगरिया एवं अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ मुलताई की नई कार्यकारिणी गठित

**मुलताई, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ की तहसील एवं ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया।

तहसील अध्यक्ष के रूप में विजय कुमार साहू और ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में बीआर मालवीय को निर्वाचित किया गया। तहसील कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष ममता पवार, दिनेश सरियाम, सुभाष गाडरे, सचिव बृजमोहन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रमोद जैन और कार्यकारिणी सदस्य के रूप में दिनेश नागले, कमला परतेती, जयप्रकाश परिहार, उर्मिला मालवीय, कमलेश मसराम, ललित गाडगे को जिम्मेदारी दी गई। ब्लॉक कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष के रूप में बबीता मर्सकोले, भीमराव लीखार, संजू बरोदे, सचिव राजेश जैन, कोषाध्यक्ष दिनेश हरफोड़े और कार्यकारिणी सदस्य के रूप में विकास शेवतकर, राजेश गुजरे, कुसुम लाल चौधरी, गुड्डू कुमरे, ज्ञानदेव फरकाड़े का चयन हुआ। वहीं, मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी राजेश शिवहरे को दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के सामने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने और उनके अधिकारों के लिए सतर्कता से कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सचिन राय, भारतीय मजदूर संघ के जिला महामंत्री पंजाबराव गायकवाड़, पुरानी पेंशन बहाली के जिला अध्यक्ष रवि सरनेकर, आदर्श शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कटारे, बीआरसी मुलताई आशीष चंद्र शर्मा, मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के सदस्य सुरेंद्र पाटिल, ब्लॉक अध्यक्ष आमला साहेबराव चिल्हाटे सहित बड़ी संख्या में शासकीय कर्मचारी मौजूद रहे।

### फाल्गुन एकादशी पर निशान यात्रा निकाली

**आमला, देशबन्धु।** फाल्गुन एकादशी पर आज निशान यात्रा निकाली गई, जिसमें नगर के सभी श्याम प्रेमी बड़ी संख्या में शामिल थे । निशान यात्रा श्री श्याम दरबार रेलवे लाइन से प्रारंभ होकर रतेडा रोड से संतोषी माता मंदिर, सराफा मार्केट, तहसील के सामने साईं ऑटो पार्ट्स पहुंची, जहां साबूदाने की खिचड़ी वितरण की गई। साथ ही मैंन मार्केट पर स्थित सोनी होटल द्वारा शरबत वितरण किया गया । श्याम प्रेमी दरबार सेवक सुमित महतकर ने बताया कि यात्रा जनपद चौक से होकर बस स्टैंड पर स्थित शेरावाली दरबार पहुंची, वही वापिस श्री श्याम दरबार रेलवे लाइन पहुंची, जहां सभी श्याम भक्तो ने बाबा को निशान भेंट किए।

# आधी आबादी के सम्मान में संस्थाओं ने पलकें बिछाईं, कई जगह हुए कार्यक्रम



**इटारसी, देशबन्धु।** विश्व महिला दिवस पर दर्जनों संस्थाओं ने कार्यक्रम आयोजित करके विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत, उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं का सम्मान किया। इन समारोहों में जनप्रतिनिधियों और गणमान्यजनों ने शिरकत करके नारी शक्ति के महत्व को समझा और उनके प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

श्री गौड़ मालवी ब्राह्मण समाज महिला मंडल इटारसी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर ऐसी गृहणियों का सम्मान किया जो अपने परिवार का संपूर्ण दायित्व अपने कंधों पर उठा रही हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीएमओ श्रीमती रितु मेहरा, समाज सेविका श्रीमती जया पाराशर, शिक्षा विभाग से श्रीमती गीता चौधरी, वरिष्ठ संगठन के अध्यक्ष प्रेम नारायण मालवीय, संरक्षक जीपी मालवीय उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाज की महिलाओं और पुरुषों ने सफलता में योगदान दिया।

### जीनियस प्लानेट में महिला दिवस

जीनियस प्लानेट स्कूल में शिक्षिकाओं का सम्मान अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर स्कूल डायरेक्टर जाफर सिद्दीकी एवं मनीता सिद्दीकी के आतिथ्य में किया। डायरेक्टर मनीता एवं जाफर सिद्दीकी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। विद्यालय की म्यूजिक टीचर श्वेता पगारे ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। जाफ़र सिद्दीकी ने महिला शिक्षकों को शुभकामनायें प्रेषित कर कहा कि महिला पुरुष की तुलना में अधिक सहनशील और



धैर्यवान होती हैं। मनीता सिद्दीकी ने कहा कि यदि सम्मान हर महिला को केवल महिला दिवस पर ही नहीं बल्कि उसके पूरे जीवन में हर जगह मिलता रहे तो समाज में बलात्कार, घरेलु हिंसा, दहेज प्रताड़ना जैसे अपराधों में कमी आ जाएगी और तब एक मजबूत समाज का हम निर्माण कर पाएंगे। स्कूल की शिक्षिकाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी और गेम्स भी हुए। स्कूल की शिक्षिका अर्चना मुरैया, शाहीन शाह, तनुश्री ने भी अपने विचार व्यक्त किए। महिला दिवस को यादगार बनाने सभी महिला शिक्षिकाओं को स्कूल प्रबंधन ने उपहार भेंट किए। संचालन अभिषेक दयाल, कृष्णा साहू ने एवं संयोजन नेहा बुधोलिया और कीर्ति सोनी का रहा।

### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने कार्यशाला



हुनर इनिशिएटिव के अंतर्गत शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यशाला का आयोजन संस्था प्राचार्य आरके चौलकर के संरक्षण एवं विद्यावती सूर्यवंशी, पल्लवी नरवरे के मार्गदर्शन में कर छात्राओं को उनके कौशल विकास के माध्यम से आर्थिक सामाजिक एवं व्यक्तिगत रूप से सक्षम बनाने उद्यमिता स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता कार्यशाला का आयोजन किया। विशेषज्ञ के रूप में आकांक्षा शर्मा अधिवक्ता एवं शिक्षाविद श्रीमती प्रतिमा ठाकुर (गुजरे), उद्यमी एवं शिक्षाविद ज्योति चोलकर ने कम्युनिकेशन स्किल से छात्राओं को मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर अनीता वर्मा, इति महालहा, शिवांगी मालवीय, नैनी पटेल, नेहा केदारे, सोनिया सराठे, श्रीमती हेमलता शुक्ला, रचना श्रीवास ने कविता पाठ एवं भाषण दिए। संचालन पल्लवी शर्मा ने किया।

### नारी का सम्मान, समाज की शान



विद्युत लोको शेड इटारसी में मुख्य अतिथि विद्युत लोकोशेड इटारसी के वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर के साथ विशिष्ट अतिथि आरपीएफ टीआई, डॉक्टर बनर्जी उपस्थित थे। वंदना हॉल न्यूयार्ड इटारसी में वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ, एससी/एसटी एसोसिएशन, वंदना महिला कल्याण समिति के सहयोग से हुआ। महिला कर्मचारियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। लोको अनुरक्षण में उत्कृष्ट योगदान हेतु वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर ने प्रशस्ति पत्र देकर उनके कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंडल विद्युत इंजीनियर मो. मुफीद खान, सहायक मंडल विद्युत इंजीनियर प्रतीक नाचकर, वेस्ट सेंट्रल रेल्वे मजदूर संघ टीआरएस टीआरडी शाखा अध्यक्ष भागीरथ मीणा, सचिव कुन्दन आगलावे, वंदना कम्यूनिटी हॉल के सभी एग्जीक्यूटिव मेंबर का योगदान अभूतपूर्व रहा।

## त्योहारों पर शांति व्यवस्था कायम रहे, सड़कों पर लाठी लिए पैदल निकले अफसर

**इटारसी, देशबन्धु।** त्योहारों पर शहर में शांति व्यवस्था कायम रहे, इसके लिए पुलिस और प्रशासन ने कसावट प्रारंभ कर दी है। शांति समिति की बैठक के बाद आज पुलिस ने एसडीएम, एसडीओपी और टीआई के नेतृत्व में विभिन्न इलाकों में फ्लैग मार्च किया।

होली और ईद जैसे त्योहार सामने हैं, इन त्योहारों पर शहर में अमन कायम रहे, और बदमाशों में पुलिस का खौफ रहे, इसके लिए पुलिस ने हाथ में लाठी लेकर विभिन्न इलाकों में फ्लैग मार्च किया है। फ्लैग मार्च मे इटारसी अनुविभाग के इटारसी, रामपुर एवं पथरोटा थाने का पुलिस बल शामिल हुआ। फ्लैग मार्च में एसडीएम टी प्रतीक राव, एसडीओपी वीरेंद्र कुमार मिश्रा, टीआई गौरव सिंह बुंदेला, रामपुर थाना प्रभारी विपिन पाल, पथरौटा थाना प्रभारी संजीव पवार और सैंकड़ों की संख्या में पुलिस बल शामिल रहा। सिटी थाने से निकला फ्लैग मार्च बाजार की सड़कों पर भ्रमण कर वापस थाने पहुंचा।

## फूलों से पुलिस जवानों का स्वागत



शहर में हर त्योहारों पर शांति व्यवस्था पूर्व की तरह कायम रहे इसको ध्यान में रखते हुये पुलिस अपनी पूरी कोशिश में शहर की सड़कों पर चौबीस घंटे तैनात रहती है। पुलिस सड़कों पर घूमती है और शहर के नागरिक को सुरक्षा प्रदान करती है। गंगा, जमुना, तहजीब वाला कहे जाने वाले इटारसी में विभन्न जातियों के लोग रहते हैं, लेकिन सभी एक साथ त्योहार मनाते है। आज लक्कड़गंज में एक सुंदर चित्रण देखने को मिला जहां आज सिटी पुलिस फ्लैग मार्च करते ईदगाह मस्जिद के पास पहुंची, वैसे ही फूलों की बरसात पुलिस जवानों पर होने लगी। फ्लैग मार्च श्री नवग्रह दुर्गा मंदिर एवं ईदगाह मस्जिद के सामने से गुजरा तो हिन्दू-मुस्लिम समाज के लोगों ने पुलिस जवानों पर फूल बरसाये। इस अवसर पर प्रमोद पगारे, लखन बैस, महेंद्र तिवारी, अतुल मिश्रा, इंद्रपाल सिंह, भूपेंद्र विश्वकर्मा, सुरेन्द्र सोनी, मोहन गौर, सत्येन्द्र पांडे, गोहरपाल नामदेव, पीयूष पांडेय के साथ ही मुस्लिम समाज से अफजल बैग, शकील, शफीक खान, मो आसिफ, अख्तर खान, रफीक खान, मुन्ना, शेख अकील एवं इस्माइल ने पुलिस जवानों पर पुष्पवर्षा की।

### एक घर के पास से कबरबिज्जू का रेस्क्यू किया



**इटारसी, देशबन्धु।** नगर के सर्पमित्रों और वन्यजीव प्रेमियों ने नगर के बंगलिया क्षेत्र से बीती रात सूचना पर पहुंचकर एक कबरबिज्जू का रेस्क्यू करके उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया है। सर्पमित्र अभिजीत यादव ने बताया कि कल रात करीब 8 बजे बंगलिया से ब्रजेश अहिरवार ने सूचना दी कि उनके घर और बाजू के घर के बीच में एक रिक्त जगह है उसमें उन्हें कबरबिज्जू दिखाई दिया है। वन्य परिक्षेत्र अधिकारी महेंद्र गौर के निर्देशन में सर्पमित्र अभिजीत यादव, सुमित चौरे, हर्ष प्रजापति, अमन प्रजापति, पंकज केवट ने मौके पर पहुंचकर उस (श्डुद्यद्व ष्द्ब1द्गह्ल) कबरबिज्जू को सुरक्षित रेस्क्यू कर वन विभाग को जानकारी देकर वन्यपरिक्षेत्र में सुरक्षित स्थान पर पुनर्वास के लिए छोड़ दिया।

## शरारती तत्वों ने ओवरब्रिज से मस्जिद पर फैंका पटाखा, समाज ने दिया पुलिस को ज्ञापन

**इटारसी, देशबन्धु।** बीती रात कुछ शरारती तत्वों ने मोहम्मदी मस्जिद पीपल मोहल्ला में ओवरब्रिज के ऊपर से सुतली बम फैंककर शहर की फिजां बिगाड़ने का प्रयास किया है। इस घटना के विरोध में आज मोहम्मदी मस्जिद कमेटी ने पुलिस थाने में एसडीओपी वीरेन्द्र कुमार मिश्रा को ज्ञापन देकर शरारती तत्वों की गिरफ्तारी की मांग की है। इस दौरान टीआई गौरव सिंह बुंदेला भी मौजूद थे।



इस अवसर पर अंजुमन कमेटी के सदर निसार अहमद सिद्दीकी के साथ ही शेख जुम्मन, शोहराव शाह, जहूर खान, शेख रसीद, अयूब खान, याकूब अली, शेख हबीब, अनवर अली, शरीफ अली सहित मुस्लिम समाज के अनेक सदस्य मौजूद रहे। बता दें कि घटना ओवरब्रिज पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी है, जिसमें एक बाइक पर तीन लड़के पटाखा जलाकर फैकते नजर आ रहे हैं। यह रात्रि 9 बजकर 08 मिनट पर रिकार्ड हुई है जिसमें सुतली बम फैंका है। मुस्जिम समाज ने कहा कि असामाजिक तत्वों पर कार्यवाही की जाए क्योंकि इस समय मस्लिम समुदाय का रमजान मुबारक महीना चल रहा है। इस अवसर पर अंजुमन कमेटी के सदर निसार अहमद सिद्दीकी ने कहा कि इस प्रकार की हरकतें पूर्व में शहर इटारसी में नहीं हुई है। यह इटारसी शहर गंगा-जमुनी तहजीब का शहर है, यहां सभी मिलकर हर प्रकार के त्योहार मनाये जाते हैं।

## ग्राम जुझारपुर में पहुंचे एमजीएम कॉलेज के रासेयो स्वयंसेवक, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगा

**इटारसी, देशबन्धु।** शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इटारसी की राष्ट्रीय सेवा योजना बालक इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम जुझारपुर में 10 मार्च 2025 से प्रारंभ हुआ। शुरुआत प्रभात फेरी से की गई जिसमें स्वयंसेवकों ने रामधुन गायी। योग प्रशिक्षक कुलभूषण खोसला के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने विभिन्न प्रकार के प्राणायाम, सूर्य नमस्कार एवं योग अभ्यास किया।




परियोजना कार्य के अंतर्गत शिविर में स्वास्थ्य विभाग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सुखतवा, विकासखंड केसला के सहयोग से स्वास्थ्य परिक्षण शिविर का आयोजन किया, जिसमें स्वयंसेवकों के साथ-साथ ग्रामीणों का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान वजन, ऊंचाई, ब्लड प्रेशर, मधुमेह आदि की जांच की के साथ ही स्कूली छात्र-छात्राओं का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया। बौद्धिक सत्र में स्वास्थ्य विभाग से पधारे डॉ आजाद सिंह, मलेरिया इंस्पेक्टर सीएससी, सुखतवा ने डिहाइड्रेशन से बचाव के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम तीन लीटर पानी प्रतिदिन अवश्य ही पीना चाहिए। उन्होंने वेक्टर डिजीज के बारे में भी बताया कि ऐसे रोग जो मच्छर, मक्खी जैसे जीवों के माध्यम से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलते हैं। उन्होंने मलेरिया चिकनगुनिया, कालाजार, जापानी बुखार, जीका वायरस आदि से बचाव के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना (बालक इकाई) कार्यक्रम अधिकारी डॉ आशुतोष मालवीय, डॉ अपेक्षा भावसार, आयुष मेडिकल ऑफिसर, सीएससी सुखतवा, शांति उइके, एएनएम सुषमा पटेल, आशा कार्यकर्ता डॉ आजाद सिंह मलेरिया इंस्पेक्टर, सीएससी सुखतवा एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## ईनामी दंगल में देशभर के पहलवानों ने देखा कुश्ती का हुनर

**इटारसी, देशबन्धु।** श्री बजरंग व्यायाम शाला एवं श्री गुरु हनुमान व्यायाम शाला के तत्वावधान में उस्ताद काशीनाथ भाऊ की स्मृति में ईनामी आम दंगल गांधी मिनी स्टेडियम में आयोजित किया जिसमें देशभर के विभिन्न प्रांतों एवं शहरों से आए पहलवानों की करीब 30 जोड़ियों ने कुश्ती के बेहतरीन दाव पेंच आजमाएं।

दंगल का शुभारंभ आयोजन समिति ने गुरु हनुमान के चित्र पर पूजन अर्चन कर किया। सांसद दर्शन सिंह चौधरी, विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, नपा उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत, मध्य प्रदेश खेल प्रकोष्ठ सह संयोजक पीयूष शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवकांत पांडे, समाजसेवी हेमंत शुक्ला, पूर्व



उपाध्यक्ष रवि किशोर जायसवाल, नरसिंह शिवहरे, दंगल आयोजन समिति अध्यक्ष उमा चौधरी, संरक्षक मोहन पहलवान मौजूद थे।

दंगल में महाराष्ट्र, दिल्ली के अलावा ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, खंडवा, बुरहानपुर, छिंदवाड़ा, कटनी, जबलपुर, हरदा, बैतूल, सीहोर, शुजालपुर, एवं स्थानीय पहलवानों ने कुश्ती के बेहतरीन दाव पेंच दिखाये। इटारसी के भूरा पहलवान ने भोपाल के मयूर पहलवान को हराया। पतंजलि योगपीठ से आए शास्त्री का अपने शरीर पर से ट्रैक्टर चलाने का कारनामा मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। सिटी थाना इटारसी के पुलिस अधिकारियों उपनिरीक्षक आईपी सोनी एवं एएसआई अनिल ठाकुर एवं अन्य अधिकारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर विलास पहलवान बुरहानपुर, आयोजन समिति के गिरीश तिवारी, लच्छू पहलवान, मनोहर तिवारी, लल्लू चौधरी पहलवान, कुलदीप यादव सहित आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

## हुबली-मुजफ्फरपुर-हुबली के मध्य इटारसी होकर चलेगी होली स्पेशल ट्रेन

**इटारसी, देशबन्धु।** होली पर्व को लेकर रेलवे विशेष ट्रेन चला रहा है ताकि यात्री त्योहार में अपने घरों या गंतव्य तक पहुंच सके। अतिरिक्त यात्री यातायात क्लियर करने हुबली-मुजफ्फरपुर-हुबली के मध्य एक-एक ट्रिप होली स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है, जो पश्चिम मध्य रेल के इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों पर हाल्ट लेकर गंतव्य को जाएगी।

गाड़ी संख्या 07315 हुबली-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन आज 10 मार्च सोमवार को हुबली जंक्शन स्टेशन से 17:20 बजे प्रस्थान कर चुकी है जो, अगले दिन कल मंगलवार को इटारसी 18:25 बजे, जबलपुर रात 21:40 बजे, कटनी 23.05 बजे पहुंचकर, तीसरे दिन (बुधवार) सतना मध्य रात्रि 00:25 बजे और दोपहर 12:30 बजे मुजफ्फरपुर स्टेशन पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 07316 मुजफ्फरपुर-हुबली एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 15 मार्च 2025, शनिवार को मुजफ्फरपुर स्टेशन से दोपहर 14:15 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन रविवार सतना मध्य रात्रि 01:45 बजे, कटनी 03:25 बजे, जबलपुर 05:05 बजे, इटारसी 09:10 बजे ओर तीसरे दिन सोमवार को 10:30 बजे हुबली स्टेशन पहुंचेगी। इस गाड़ी में 2 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 3 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 9 शयनयान श्रेणी, 6 सामान्य श्रेणी, 2 एसएलआरडी सहित कुल 22 कोच रहेंगे। यह गाड़ी दोनों दिशाओं में धारवाड, बेलगावि, घटप्रभा, मिरज जंक्शन, सांगली, कराड़, सातारा, पुणे, दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, कोपरगांव, मनमाड़, भुसावल, खण्डवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र एवं हाजीपुर स्टेशनों पर रुकेगी।

# रेलवे मजदूर संघ ने किया विभागीय सहित शहर की महिलाओं का सम्मान

**इटारसी, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे मजदूर संघ ने रेलवे की महिला कर्मचारियों के साथ ही शहर की विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत और शहर का विभिन्न क्षेत्रों में नाम रोशन करने वाली महिलाओं का सम्मान संघ कार्यालय परिसर में किया।

वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के जोनल महामंत्री अशोक शर्मा के आह्वान पर मंडल अध्यक्ष राजेश पांडे के नेतृत्व में आज मुख्य शाखा ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिलाओं के सम्मान समारोह में मुख्य शाखा के अध्यक्ष प्रीतम तिवारी, सचिव योगेश, मुख्यालय कार्यकारिणी सदस्य राजेश गौर, अदिति जेम्स, रविंद्र चौधरी, मुकेश कुमार, दिनेश मौर्य, हरिप्रसाद, सौरभ गुप्ता, विकास कश्यप, आशीष भैंसारे, सत्यम चौहान, मोहित, अविनाश, मनीषा, परते, अनिता ब्रजेश, अय्यूब, संतोष दुबे, मनीष, पुष्पा गुप्ता, रेणु चौहान




पूर्णिमा एवं नर्मदापुरम से बिजली कर्मचारी विभाग की यार्ड एसएंडटी, पार्सल, वाणिज्य चिकित्सा, परिचालन की लगभग 150 महिलाओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

मुख्य अतिथि के रूप में आरपीएफ थाना प्रभारी अनुराधा मिश्रा, भूतपूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नीलम गांधी, वरिष्ठ पत्रकार मंजू ठाकुर, मीरा सिंह जोनल संरक्षक वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ गीता पांडे, ब्रजेश शमशेर खान, कुसुम बाई, गायिका राशि खाड़े का भी सम्मान वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ ने सम्मान किया। टीआरएम स्कूल की अनुषा शर्मा, प्रिया राजपूत की बच्चों की बैंड पार्टी के साथ मुख्य अतिथि स्वागत किया। सभी महिलाओं को गिफ्ट वितरित किए एवं तिरंगा पट्टी गले में डालकर स्वागत किया। अपने उद्बोधन में थाना प्रभारी आरपीएफ ने बताया कि महिलाओं को किस तरीके से अपनी सेफ्टी एवं शक्ति से कार्य करना चाहिए। जोनल संरक्षक गीता पांडे ने संगठन को मजबूत करने तिरंगे झंडे पर विश्वास करने के लिए सभी महिला रेलवे कर्मचारियों को उत्प्रेरित किया। संचालन प्रीतम तिवारी, राजेश गौर एवं सुनील चौहान ने किया।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन 13 मार्च तक

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** सहायक आयुक?त जनजातीय कार्य विभाग नर्मदापुरम ने बताया कि जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत संचालित विशिष्ट आवासीय विद्यालयों (कन्या शिक्षा परिसर, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय एवं आदर्श आवासीय विद्यालय) में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। ये आवेदन 18 फरवरी से विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा किए जा सकते हैं और आवेदन की अंतिम तिथि 13 मार्च है। विशिष्ट संस्थाओं में प्रवेश के लिए कक्षा 5वीं में अध्ययनरत जनजातीय वर्ग, विशिष्ट पिछड़ी जनजाति, गैर-अधिसूचित घुमक्कड़ और अर्द्ध घुमक्कड़ समुदाय के अलावा विशेष श्रेणी के विद्यार्थियों से भी आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इनमें कोविड-19 या उग्रवाद के कारण माता-पिता को खोने वाले बच्चे, विधवा महिला की संतान, दिव्यांग और दिव्यांग माता-पिता की संतान, अनाथ या भूमिदाता और ट्रांसजेंडर विद्यार्थी शामिल हैं।

### सिक्युरिटी गार्ड एवं सुपरवाईजर हेतु जिले के समस्त विकासखण्डों में आयोजित किए जाएंगे रोजगार कैम्प

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** कमॉडेंट कार्यालय नीमच द्वारा नर्मदापुरम जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए सिक?युरिटी गार्ड एवं सुपरवाईजर के लिए रोजगार कैम्प आयोजित किए जाएंगे। ये कैम्प जिले के विभिन्न विकासखंडों में आयोजित किए जाएंगे, जिसमें नर्मदापुरम वि.ख. की जनपद पंचायत में 11 मार्च को, माखननगर वि.ख. की जनपद पंचायत में 12 मार्च को, केसला वि.ख. की जनपद पंचायत में 17 मार्च को, सोहागपुर वि.ख. की जनपद पंचायत में 18 मार्च को, सिवनीमालवा वि.ख. की जनपद पंचायत में 20 मार्च को, पिपरिया वि.ख. की जनपद पंचायत में 21 मार्च को एवं बनखेड़ी वि.ख. की जनपद पंचायत में 22 मार्च को को रोजगार कैम्प आयोजित किए जाएंगे। उक्त सभी रोजगार कैम्पों का आयोजन प्रात-11 बजे से 4 बजे तक किया जाएगा। तत्संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम श्री सौजान सिंह रावत ने समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जिला नर्मदापुरम को निर्देशित किया है कि वे उक?त रोजगार कैम्पों संबंधी आवश?यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

### शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु मजिस-?ट्रेट एवं अधिकारियों की लगाई गई ड्यूटी

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी नर्मदापुरम डी.के. सिंह ने होलिका दहन, स्नानदान वृत पूर्णिमा, धुरेड़ी(होली उत्सव), बसंत उत्सव, रंगपंचमी, चैत्र श्राद्ध अमावस्या (स्नान पर्व), चैत्र नवरात्र प्रारंभ, गुड़ी पड़वा, ईद-उल-फितर, झूलेलाल जयी/चैती चांद जैसे महत्वपूर्ण त्यौहारों के दौरान कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपने अपने अनुभाग स्तर अंतर्गत मजिस्ट्रेट/अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। जारी आदेशानुसार श्री सिंह ने श्रीमती नीता कोरी अनुविभागीय दण्डाधिकारी नर्मदापुरम एवं बृजेन्द्र रावत सिटी महिस्ट्रेट नर्मदापुरम, टी. प्रतीक राव अनुविभागीय दण्डाधिकारी इटारसी, असवन राम चिरामन अनुविभागीय दण्डाधिकारी सोहागपुर, सुश्री अनिशा श्रीवास्तव अनुविभागीय दण?डाधिकारी पिपरिया एवं श्रीमती सरोज परिहार अनुवभागीय दण्डाधिकारी सिवनीमालवा की ड्यूटी लगाकर उन्हें अपने-अपने संपूर्ण अनुविभाग एवं घाट स्थलों पर कार्यपालिक अधिकारियों की ड्यूटी लगाने एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रभारी अधिकारी का दायित्व सौंपा है।

### रासेयो के नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में हरदा जिले के स्वयंसेवकों ने सहभगिता की




**हरदा, देशबन्धु।** राज्य स्तरीय शिविर 2025 का आयोजन अवधेश प्रताप सिंह विश्विद्यालय रीवा के संगठन व्यवस्था में ग्राम नगर पालिका परिसर अमरकंटक में आयोजित किया गया था, जिसमे हरदा जिले से कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोरमा चौहान ,स्वयं सेविका रानी चौहान, स्वयंसेवक देवेन्द्र ढाका हरदा डिग्री कॉलेज हरदा रेशमा मालवीय शासकीय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय हरदा, धन्वंतरि एलबीएस. कॉलेज, और स्वयंसेवक अमित मवासे शासकीय आदर्श महाविद्यालय हरदा, विशाल देवड़ा प्राइवेट आदर्श महाविद्यालय हरदा, ने राज्य स्तर पर हरदा जिले का प्रतिनिधत्व किया। शिविर में सहभागिता कर लौटे शिविरार्थियो का स्वागत जिला संगठक सत्येन्द्र सिंह परिहार उपप्राचार्य गणेश श्रीवास्तव श्रीमती सोनिया मोढ एवम समस्त स्टाफ ने पुष्प माला पहना कर किया। इस अवसर पर डॉ अरुण कुमार सिकरवार प्राचार्य प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय हरदा, हरदा डिग्री कॉलेज के डायरेक्टर डॉ गिरीश सिंहल, प्राचार्य डॉ अभिलाषा सिंहल कार्यक्रम अधिकारी डॉ सोनिका बघेल शासकीय आदर्श महाविद्यालय, डॉ राजेश गौर शा.विवेकानंद महा.हरदा, सुश्री हर्षा जायसवाल, दिनेश मेहरा एल.बी.एस. महाविद्यालय, तपिश सोलंकी आदर्श महाविद्यालय हरदा ने बधाई दी।

# भू अभिलेख प्रक्रिया अनुसार पटवारियों से ई डायरी संधारण सुनिश्चित करवाएं: सीईओ

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष मे सोमवार को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान श्री रावत ने जनसुनवाई, समय सीमा के प्रकरण, उच्च न्यायालय के अवमानना प्रकरण, समय सीमा बाह्य प्रकरण सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

सीईओ श्री रावत ने समस्त एसडीएम को निर्देशित किया है कि मध्य प्रदेश भू अभिलेख नियमावली के अनुसार सभी पटवारी से ई डायरी मेंटेन करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की टेक्निकल समस्या के लिए परीक्षण के तौर पर किसी पटवारी की आईडी तैयार करवा कर उसकी जांच कर लें। उन्होंने कहा कि सभी जनपद सीईओ एवं सीएमओ समग्र पोर्टल पर समग्र आईडी की ई केवाईसी किए जाने की कार्यवाही अभियान मोड में करवाएं। उन्होंने समस्त जिलाधिकारीयो को निर्देश दिए की समय सीमा के प्रकरणों में आवश्यक रूप से जवाब अद्यतन किए जाए तथा इसकी सूचना भी संबंधित ओआईसी को दी जाए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने उच्च न्यायालय में लंबित



अवमानना के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए समस्त जिलाधिकारीयो को निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों को गंभीरतापूर्वक लेते हुए समय पर इनमे जवाब दाखिल करें।

श्री रावत ने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें की जनसुनवाई से संबंधित 6 माह से ज्यादा समय से लंबित पड़े प्रकरण अगले एक सप्ताह में निराकृत करें। इसी के साथ सीईओ श्री रावत द्वारा सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों की भी विभागवार समीक्षा की गई। उन्होंने सीएमएचओ नर्मदापुरम को निर्देश दिए कि वह वीसी के माध्यम से सभी बीएमओ के साथ बैठक लें एवं समस्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए प्रत्येक शिकायत को ध्यान पूर्वक पढ़ें। उन्होंने कहा कि इसी के साथ सभी अधिकारी भी यह सुनिश्चित करें कि उनके विभाग अंतर्गत लंबित सभी शिकायतों का गंभीरतापूर्ण अध्ययन कर ले। श्री रावत ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन पोर्टल एक फीडबैक सिस्टम है इससे आप सभी अधिकारियों को विभाग से जुड़ी समस्याएं ज्ञात हो जाती है। पोर्टल के द्वारा यह सुनिश्चित हो जाता है कि किस ब्लॉक अथवा तहसील में किस प्रकार की दिक्कत मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन पोर्टल के सकारात्मक पहलू को समझें। समय सीमा की बैठक के दौरान सीईओ श्री रावत ने सभी जिलाधिकारी को निर्देश दिए की कोई भी शिकायत एल 1 स्तर पर सात दिवसों से अधिक ना रखें। शिकायतों में नियमित रूप से जवाब दर्ज किया जाए साथ ही अगर शिकायत दूसरे विभाग से संबंधित है तो उसे त्वरित रूप से ट्रांसफर भी कर दिया जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों पर विशेष फोकस किया जाए। समस्त सीएमओ 90 प्रतिशत से अधिक निराकरण प्रतिशत के साथ शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करें। समयसीमा बाह्य प्रकरणों को भी अधिकारी गंभीरतापूर्वक एवं प्राथमिकता के आधार पर निराकृत करें।

सीईओ श्री रावत ने निर्देशित किया कि जिले में संचालित की जा रही 10 वी एवं 12 वी की बोर्ड परीक्षाओं के लिए रेमेडियल कक्षाएं सुचारू रखी जाए साथी फ्लाइंग स्क्वैड्स भी परीक्षा केंद्रों का नियमित रूप से भ्रमण करते रहे। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए की आगामी दिवसों में कक्षा पांचवी एवं आठवीं की कॉपियो का मूल्यांकन जिले के सभी विकासखंड मुख्यालयों पर किया जाएगा इसीलिए केंद्रों पर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाए। बैठक के दौरान उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की समीक्षा की। उन्होंने सभी सीएमओ और सीईओ को निर्देश दिए कि अभियान चलाकर स्टेट पोर्टल के डेटा अनुसार कार्ड बनाए जाए। उन्होंने ईई लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को निर्देश दिए की जल जीवन मिशन के तहत एफएचटीसी के लिए बचे हुए कनेक्शनो में शीघ्र ही कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने समस्त एसडीएम को निर्देशित किया कि आगामी ग्रीष्मकाल के दौरान जल संकट से निपटने के लिए प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के निर्देश अनुसार प्रभावी कार्ययोजना तैयार करें। पंचायतवार ऐसे हैंडपंप की रिपोर्ट तैयार करें जो ग्रीष्मकल के समय सूख जाते है साथ ही यह भी सुनिश्चित कर लिया जाए कि ब्लॉक लेवल पर हैंडपंप सुधारने के लिए संबंधित एजेंसियो से भी समन्वय स्थापित कर लिया जाए। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर डीके सिंह, संयुक्त कलेक्टर अनिल जैन, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती संपदा श्राफ गुर्जर, सिटी मजिस्ट्रेट बृजेंद्र रावत उपस्थित रहे।

# खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा तहसील स्तर एवं सुदूर ग्रामीण क्षेत्र पर सतत कार्यवाही जारी



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा तहसील स्तर एवं सुदूर ग्रामीण क्षेत्र पर सतत कार्यवाही जारी है। इसी के तारतम्य में 10 मार्चको खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश एस दियावार द्वारा सोहागपुर एवं सेमरी हरचंद स्थित विभिन्न होटल, मिठाई, खोवा, नमकीन के प्रतिष्ठानों की जांच की गई।

जांच में न्यू बीकानेर स्वीट्स सेमरी से मावा बर्फी एवं टोस्ट, बीकानेर स्वीट्स सोहागपुर से सादी बर्फी एवं मावा, न्यू बीकानेर स्वीट्स सोहागपुर से मस्त केक के कुल 6 नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए। सभी भोजनालयों एवं परिसरों को साफ-सफाई के निर्देश दिए गए एवं उन्हें नोटिस जारी किया जा रहा है। संग्रहित नमूने जांच हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर संबंधित विक्रेता के विरुद्ध न्यायालयीन कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा विभिन्न निर्माण इकाई वाहनों एवं भंडार ग्रह की भी जांच की जा रही है। कार्रवाई सतत जारी रहेगी।

### दीपावली पर्व के दौरान जप्त मिलावटी मावा किया नष्ट

दीपावली पर्व के दौरान खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने सोहागपुर और नर्मदापुरम में मिलावटी मावा पर कार्यवाही की। कार्यवाही में सोहागपुर मेन रोड से 5.30 क्विंटल और बस स्टैंड नर्मदापुरम से 03 क्विंटल संभावित मिलावटी मावा जप्त किया गया। जप्त मावे को कोल्ड स्टोरेज में रखा गया और नियम अनुसार नमूना संग्रहित कर राज्य खाद्य प्रयोगशाला को जांच हेतु भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर संबंधित विक्रेताओं को नोटिस जारी किया गया, लेकिन उन्होंने कोई प्रतिउत्तर या दावा प्रस्तुत नहीं किया। इसके बाद, प्रशासन ने लोकहित में नियम अनुसार जप्त मावे को नष्ट कर दिया। इस कार्यवाही को खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश एस. दियावार ने नगर पालिका नर्मदापुरम के कर्मचारियों और गवाहों की उपस्थिति में करवाया।



### ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों को दिया जा रहा प्रशिक्षण



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** शासकीय कार्यालयों में 31 मार्च से ई-ऑफिस प्रणाली लागू किया जाना है। जिले में ई ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला स्तर पर स्थित कार्यालयों में पदस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों को ई-कार्यालय प्रणाली का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इसी क्रम में सोमवार को ई दक्ष केंद्र नर्मदापुरम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों को ई-कार्यालय प्रणाली का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण 03 मार्च से प्रारंभ होकर 21 मार्च तक विभागवार संचालित होगा। डीआईओ. एनआईसी. मनीष गुणवान एवं जिला प्रबंधक ईगवर्नेंस संदीप चौरसिया द्वारा अधिकारियों-कर्मचारियों को ई-ऑफिस प्रणाली के तहत विभिन्न प्लेटफार्म के विभिन्न कार्यों तथा उनके उपयोग के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। प्रशिक्षण में ई-ऑफिस का परिचय व उपयोग, दस्तावेज तैयार करना व अनुमोदन प्रक्रिया, रिपोर्टिंग व फाइल ट्रैकिंग, सुरक्षा उपाय व गोपनीयता इत्यादि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में संदीप चौरसिया ने बताया कि विभागों में कार्यप्रणाली को डिजिटल और कुशल बनाने के उद्देश्य से ई-ऑफिस प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें ई-ऑफिस प्लेटफ़ॉर्म का सही और प्रभावी उपयोग सिखाया जा रहा है, ताकि कार्यों को डिजिटल रूप से सुव्यवस्थित किया जा सकें। इससे कागजी प्रक्रिया में कमी लायी जा सकेगी। आज प्रशिक्षण के दौरान आईटीआई के प्राचार्य, पॉलिटेक्निक प्राचार्य एवं सहायक संचालक उपस्थित रहे।

### यातायात जागरूकता रथ का शुभारंभ



**हरदा, देशबन्धु।** सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस, हरदा द्वारा यातायात जागरूकता रथ का संचालन किया जा रहा है। इस रथ को सोमवार को पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे ने हरी झंडी दिखाकर पुलिस कन्ट्रोल रूम हरदा से रवाना किया। यह रथ जिले के विभिन्न शहरी और ग्रामीण इलाकों में भ्रमण कर नागरिकों को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा उपायों एवं सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी देगा। विशेष रूप से गुड सेमेरिटन योजना और हिट एंड रन प्रतिकर योजना 2022 जैसी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा, जिससे दुर्घटना पीड़ितों को त्वरित सहायता एवं राहत मिल सके। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे ने कहा कि यातायात नियमों का पालन हर नागरिक की जिम्मेदारी है। जागरूकता और सतर्कता से दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे सड़क पर सुरक्षित और अनुशासित तरीके से वाहन चलाएं तथा यातायात नियमों का पालन कर अपने और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। यातायात थाना प्रभारी संदीप सुनेश बताया कि यह जागरूकता अभियान आगामी दिनों में भी जारी रहेगा, जिसमें आमजन को हेलमेट, सीट बेल्ट, गति सीमा, नशे में वाहन न चलाने तथा सड़क पर अनुशासन बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण नियमों की जानकारी दी जाएगी।

### भंवरदी माल में महिला सम्मेलन आयोजित

**हरदा, देशबन्धु।** महिला बाल विकास विभाग, किसान कल्याण एवं कृषि विभाग एवं आगा खान संस्था द्वारा संयुक्त रूप से खिरकिया ब्लॉक के आदिवासी बाहुल्य ग्राम भंवरदी माल में महिला सम्मलेन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में आसपास की 14 ग्राम पंचायतों से 500 से अधिक महिलाओ ने सम्मलेन में भाग लिया। सम्मलेन में जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय त्रिपाठी ने रेवा शक्ति अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होने बताया कि जिले में घटते लिंगानुपात को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर आदित्य सिंह के मार्गदर्शन में रेवा शक्ति अभियान प्रारम्भ किया गया है। इस अवसर पर रेवा मित्रो का सम्मान किया गया तथा पात्र परिवारों को कीर्ति कार्ड प्रदान कर डॉटर्स क्लब में सम्मिलित किया गया। सम्मेलन में अन्य विभागों से अधिकारी कर्मचारी उपस्थित हुए एवं प्रदर्शनी के माध्यम से शासकीय योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण विभाग द्वारा टंट्या मामा एवं भगवान बिरसा मुंडा योजनाओं के माध्यम से 10 लाख रूपए, आजीविका मिशन से 18 लाख रूपए के लोन का वितरण महिलाओ को किया गया। इस अवसर पर कृषि विभाग और आरसेटी संस्था द्वारा उन्नत शील किसानो को प्रमाण पत्र वितरित किये गए। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी अशोक कुमार डेहरिया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत खिरकिया प्रवीण कुमार इवने, उप संचालक कृषि जवाहरलाल कासदे, जिला परियोजना अधिकारी आजीविका मिशन से रामनिवास कालेश्वर, एवं आगा खान संस्था के क्षेत्रिय प्रबधक रामकृष्ण महाजन भी उपस्थित थे।

# 4 लाख की अवैध शराब जब्त, 2 गिरफ्तार

### दो फरार आरोपियों की तलाश जारी

**हरदा, देशबन्धु।** पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 75 पेटी 4 लाख रुपए की कीमत की 660 लीटर अवैध शराब जब्त की है। सिराली थाना पुलिस ने रविवार रात गहाल में छापेमारी कर कार्रवाई की।

कंट्रोल रूम में पत्रकारवार्ता आयोजित कर उक्त जानकारी देते हुए एसपी अभिनव चौकसे ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर यह कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया पुलिस ने मौके से शराब माफिया रज्जाक मुसलमान और डिलीवरी मेन शुभम लुनिया को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी शेख असलम और एक अन्य आरोपी अभी फरार है जिनकी तलाश जारी है। उन्होंने बताया थाना प्रभारी संदीप यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रज्जाक के घर पर दबिश दी गई, जहां किचन में गैस सिलेंडर के पीछे एक गुप्त बेसमेंट में शराब छिपाई गई थी। पुलिस ने आरोपियों पर आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं थाना प्रभारी संदीप यादव ने बताया कि होली त्योहार को देखते हुए अवैध शराब के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है।इस कार्रवाई में एसआई गोपाल प्रसाद पाल, एएसआई जितेंद्र सिंह राजपूत समेत कई पुलिसकर्मियों की टीम शामिल थी।

### चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

सिटी कोतवाली पुलिस ने दो आदतन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दाऊद उर्फ चांद और वैभव आठनेरे को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी अभी फरार है। पुलिस कंट्रोल रूम में पत्रकार वार्ता आयोजित कर एसपी अभिनव चौकसे ने बताया कि 4 मार्च को राजेश ऊईके की बाइक और मोबाइल चोरी हुआ। उसी रात विजय काजवे की पल्सर बाइक भी चोरी हो गई। 5 मार्च को किसान मार्केटिंग सोसायटी में चोरों ने छत का टीन उखाड़कर एलईडी, दो लैपटॉप, दो पीओएस मशीन और नोट गिनने की मशीन सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान चुरा लिए। सीसीटीवी फुटेज में वैभव आठनेरे बाइक चोरी करते दिखाई दिया। मार्केटिंग सोसायटी में चोरों ने सफेद चादर ओढ़कर कैमरे तोड़े। अन्य कैमरों में दो लोग बाइक पर सामान ले जाते हुए कैद हो गए। इसी आधार पर पुलिस ने दाऊद के घर से चोरी का सामान बरामद किया। टीआई प्रह्लाद सिंह मर्सकोले के नेतृत्व में एसआई रिपुदमन सिंह राजपूत, आदित्य करदाते, एसआई सुरेंद्र श्रीवास्तव और साइबर सेल की टीम ने यह कार्रवाई की।

### सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के बाद लामबंद हुए ग्रामीण

**चिचोली, देशबन्धु।** ग्राम पंचातय बिघवा के सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के बाद लामबंद हुए ग्रामीणो ने सोमवार को प्रभावशाली उप सरपंच पर आरोप लगाते हुए तहसील कार्यालय में तहसीलदार अतुल श्रीवास्तव को ज्ञापन देकर अविश्वास प्रस्ताव पर जांच करने की मांग की है । गौरतलब है कि ग्राम पंचायत बिघवा मे पिछले दिनों 13 पंचों ने एसडीएम के समक्ष सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के लिए पत्र दिया है ।

# जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला कल

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** संचालनालय किसान कल्याण तथा कृषि विकास म.प्र. भोपाल द्वारा सब मिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा योजनांतर्गत जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला का आयोजन 12 मार्च को कृषि विज्ञान केंद्र, गोविन्दनगर, बनखेड़ी जिला नर्मदापुरम में किया जा रहा है। मेले में जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और उन्नत कृषि तथा कृषि संबंधित तकनीकी आधारित प्रदर्शनी/स्टाल लगाए जाएंगे।

कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना ने विभाग और संस्थाएं जिसमें किसान कल्याण तथा कृषि विकास, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, कृषि अभियांत्रिकी, रेशम, मतस्य, महिला एवं बाल विकास, कृषि विज्ञान केंद्र, गोविन्दनगर, कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ), कृषि विज्ञान केंद्र से जुड़े प्राकृतिक खेती करने वाले कृषक, एमपी एग्रो इफको एवं मार्कफेड/एनएफएल/बीज निगम को निर्देशित किया है कि वे उक?त मेले में प्रदर्शनी / स्टाल लगाया जाना सुनिश्चित करेंगे। कार्यक्रम स्थल पर प्रदर्शनी लगाने के लिए नोडल अधिकारी श्री राजीव यादव, सहायक संचालक कृषि, से संपर्क करना होगा और 12 मार्च को प्रात: 9 बजे तक प्रदर्शनी/स्टाल लगाना सुनिश्चित करना होगा।

कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने उक्त कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। कलेक्टर ने मेले में अनुविभागीय अधिकारी पीडबलूडी अनुभाग पिपरिया, गोविन्द मीना उप परि. संचा. आत्मा, डॉ संजीव गर्ग वरिष्ठ वैज्ञानिक, डॉ ब्रजेश कुमार नामदेव सहायक, ब्रजपाल शाह एसएडीओ, राहुल पहाडे एईओ, विकास पटेल एईओ, ओमकार सिंह राजपूत, डॉ ब्रजेश नामदेव वैज्ञानिक व राहुल मांझी, उप संचालक उद्यानिकी / डॉ आकांक्षा पांडे वैज्ञानिक ओमकार सिंह राजपूत केवीके, डॉ आकांक्षा पांडे वैज्ञानिक केवीके, चेतन मातिखाये सहायक संचालक कृषि, राहुल मांझी, डॉ. संजीव गर्ग वैज्ञानिक केवीके, ब्रजपाल शाह एसएडीओ, गोविन्द मीना उप परियोजना संचालक आत्मा, डॉ आकाक्षा पांडे वैज्ञानिक, थाना प्रभारी बनखेड़ी,अमित बाथम एईओ, महेंद्र पवार एईओ, नोडल अधिकारी राजीव यादव सहा. संचा कृषि, डॉ प्रवीण सोलंकी केवीके, संबंधित जिला अधिकारी - कृषि उद्यानिकी/पशुपालन/मतस्य/रेशम/कृषि अभियांत्रिकी /कृषि विज्ञान केंद्र/महिला बाल विकास/एम पीएग्रो/बीज निगम/मार्कफेड एवं प्रगतिशील/जैविक/प्राकृतिक उत्पादक कृषक, विकासखंड चिकित्सा अधिकारी विकासखंड बनखेड़ी, चेतन मातिखाये सहायक संचालक कृषि, डॉ. आकांक्षा पांडे, डॉ प्रवीण सोलंकी वैज्ञानिक, सहायक शुभम नायक, ऋतिक गंगराडे, मोहित साहू, अमित बाथम, रोहित राठौर, शुभम चौधरी, मोहित पटेल, मुख्य नगर परिषद अधिकारी विकासखंड बनखेड़ी, डॉ संजीव गर्ग वरिष्ठ वैज्ञानिक, स्थानीय अधि. थाना प्रभारी पिपरिया, नोडल अधिकारी श्रीमती अर्चना पर्ते, एसडीएबीटीएम/एटीएम (सर्व), वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सर्व, सुश्री रूपल राजपूत, सुश्री अर्पिता पांडे, हरदास सिसोदिया, पीयूष सोलंकी एईओ, विकास कुमार मोहरिर परियोजना संचालक आत्मा, जिला नर्मदापुरम एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केंद्र बनखेडी की ड्यूटी लगाकर दायित्व सौंपे है।

### नरवाई प्रबंधन यंत्रों के लिए आवेदन आमंत्रित

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** सहायक कृषि यंत्री पवारखेडा नर्मदापुरम ने बताया कि कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा मांग अनुसार श्रेणी के तहत नरवाई प्रबंधन यंत्रों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस श्रेणी में हैप्पी सीडर नामक कृषि यंत्र को शामिल किया गया है, जिसकी कीमत लगभग 2,05,000 रुपये है और 50 प्रतिशत अनुदान या अधिकतम 78,500 रुपये तक का लाभ उठाया जा सकता है। हैप्पी सीडर के लाभों में फसल कटाई के बाद तत्काल बिना जुताई अगली फसल की बुआई करने की क्षमता, फसल अवशेषों को जलाने की कुप्रथा को हतोत्साहित करना, और संरक्षित कृषि पद्धति के कारण समय, श्रम, लागत और सिंचाई जल में उल्लेखनीय बचत करना शामिल है।


**परिशिष्ट IV [नियम-8(1)] कब्ज़ा नोटिस (अचल संपत्ति के लिए)**

**एडलवाइस एसेट रीकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड**

CIN: U67100MH2007PLC174759

**रिटेल सेंट्रल और पंजीकृत कार्यालय :** एडलवाइस हाउस, सीएसटी रोड, कलिना, मुंबई 400098

जबकि, यहाँ उल्लिखित समनुदेशक के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन (अधिनियम), 2002 के तहत तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13(12) के साथ (नियम 3) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित मांग नोटिस जारी किया है, जिसमें उधारकर्ता(ओं) से उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने का आह्वान किया गया है।

इसके बाद, यहाँ उल्लिखित समनुदेशक ने वित्तीय परिसंपत्तियों को **एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड** को भी अपने स्वयं के रूप में/यहाँ उल्लिखित विभिन्न ट्रस्टों के ट्रस्टी के रूप में अपनी क्षमता में कार्य करते हुए (जिसे आगे "ईएआरसी" के रूप में संदर्भित किया गया है) सौंपा है। एसएआरएफएईएसआई अधिनियम, 2002 की धारा 5 के तहत असाइनमेंट समझौतों के अनुसार, ईएआरसी समनुदेशक के स्थान पर आ गया है और उधारकर्ता द्वारा प्राप्त वित्तीय सहायता के संबंध में अंतर्निहित सुरक्षा हितों, गारंटियों, प्रतिज्ञाओं के साथ-साथ समनुदेशक के सभी अधिकार, शीर्षक और हित ईएआरसी में निहित हैं और ईएआरसी सुरक्षित लेनदार के रूप में अपने सभी अधिकारों का प्रयोग करता है। उधारकर्ता द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने के कारण, उधारकर्ता और आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, प्रत्येक संपत्ति के विरुद्ध उल्लिखित प्रतिभूति हित प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के अंतर्गत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का भौतिक कब्ज़ा ले लिया है।

उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो कि सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में है।

उधारकर्ता को विशेष रूप से और आम जनता को इस संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन **एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड** के प्रभार के अधीन होगा, जो कि नीचे उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज के लिए होगा।

| समनुदेशक का नाम | ट्रस्ट का नाम | ऋण खाता संख्या | उधारकर्ता का नाम और सह-उधारकर्ता(ओं) का नाम | मांग नोटिस की राशि और तिथि | कब्जे की तिथि | कब्जे की स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड | ईएआरसी ट्रस्ट एससी-379 | **9001060101101562** | 1) **श्री राहुल मीना** (उधारकर्ता) 2) **श्री छोटे लाल मीना** (सह-उधारकर्ता और बंधककर्ता) 3) **श्रीमती विंदा बाई पत्नी छोटे लाल मीना** (सह-उधारकर्ता) 4) **श्री नारायण सिंह मीना** (सह-उधारकर्ता और बंधककर्ता) 5) **सरवन मीना** (गारंटर) | रु.3,91,442/- (तीन लाख इनकानवे हजार चार सौ बयालीस रुपये मात्र) और 04-12-2018 | **05-03-2025** | भौतिक कब्ज़ा |

**अचल संपत्ति का विवरण :** उस संपत्ति का पूरा हिस्सा यानी खसरा नंबर 46/8, पी एच नंबर 44, गांव शिवपुर, तहसील बाबई, जिला होसंगाबाद (म.प्र.) मापन 0.065 मीटर की दूरी पर स्थित है। **जिसकी चार सीमाएं हैं :-** पूर्व में : उक्त भूमि का शेष भाग, उत्तर में : उक्त भूमि का शेष भाग, पश्चिम में : सरकारी गोहा, दक्षिण में : बद्री का बाड़ा। **मालिक :** छोटे लाल मीना और नारायण सिंह मीना

**स्थान : मुंबई**
**दिनांक : 05-03-2025**

**अधिकृत अधिकारी**
**एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड**

Edelweiss Asset Reconstruction

देशबन्धु

नर्मदापुरम, मंगलवार 11 मार्च 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## चैंपियंस ट्रॉफी, मैदान के बाहर की कुछ बातें

12 साल के लंबे इंतजार के बाद 9 मार्च को भारतीय क्रिकेट टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीत लिया है। इसके साथ ही टीम इंडिया तीन चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट जीतने वाली दुनिया की पहली टीम भी बन गई है। न्यूजीलैंड के खिलाफ एक रोमांचक मुकाबले में भारतीय टीम ने यह जीत दर्ज की, जिसमें कप्तान रोहित शर्मा ने यादगार पारी खेली। उनकी कप्तानी में भारतीय टीम ने 10 महीने के अंदर दूसरे आईसीसी खिताब पर कब्जा जमाया है। इससे पहले जून 2024 में भारत ने बारबाडोस में टी-20 विश्वकप भी जीता था। इस टूर्नामेंट में खास बात यह रही कि भारतीय टीम को कोई शिकस्त नहीं दे पाया, उसने अपना हर मैच जीता। इस तरह 2002 में सौरव गांगुली और 2013 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में चैंपियन बनने के बाद भारत ने अब रोहित शर्मा की कप्तानी में कमाल किया है। भारतीय टीम की इस शानदार जीत पर पूरे देश में जश्न का माहौल रहा, लेकिन इस पूरे टूर्नामेंट के दौरान ऐसे कई वाकये हुए, जो कड़वी यादें छोड़ गए।

देश में एक बड़े तबके के लिए क्रिकेट धर्म की तरह बन चुका है और अब इस धर्म पर भी राजनीति होने लगी है। रविवार को ही जब दुबई के मैदान से लेकर देश में तमाम जगहों पर लोग खुशियां मना रहे थे, तब मध्यप्रदेश के महू में यह खुशी हिंसा में बदल गई। बताया जा रहा है कि कुछ युवाओं ने भारत की जीत का जश्न मनाने के लिए महू में एक रैली रात को निकाली थी। यह रैली जब जामा मस्जिद क्षेत्र के पास पहुंची तो उत्तेजक नारों और तेज संगीत के बीच वहां पथराव शुरू हो गया। उस समय जामा मस्जिद के अंदर लोग तरावीह की नमाज अदा कर रहे थे। पथराव से स्थिति बेकाबू हो गई। इस बीच जामा मस्जिद के सामने खड़ी बाइकों, कारों और अन्य वाहनों में आग लगाई गई, जिससे तनाव और बढ़ गया। बाद में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात पर काबू कर लिए, और अब जांच की जा रही है कि आखिर हिंसा भड़कने की नौबत क्यों आई। हालांकि अनुमान लगाया जा सकता है कि जब मस्जिद में नमाज हो रही हो, तब बाहर किस किस्म के नारे लगे होंगे या गाने बजे होंगे, जिससे स्थिति बिगड़ गई। यह पहली बार नहीं है जब मस्जिद के सामने इस तरह का अप्रिय शोर किया गया है। दुबई में जो जीत मिली, उसमें सारे खिलाड़ियों ने धर्म, जाति या ओहदे से परे एक टीम की तरह प्रदर्शन किया है। और यह केवल क्रिकेट में नहीं होता है, सारे खेलों में इसी तरह टीम और खेल भावना के साथ ही जीत सुनिश्चित होती है। मगर देश में अब क्रिकेट में धर्म और राष्ट्रवाद का अनावश्यक घालमेल कर माहौल बिगाड़ा जा रहा है।

इसी टूर्नामेंट में मोहम्मद शमी ने सेमीफाइनल मैच के दौरान पानी या जूस पीया तो उस पर भी बेवजह विवाद खड़ा हो गया। रमजान के पवित्र माह में एक मुसलमान के पानी पीने पर धर्म की दुहाइयां दी जाने लगीं। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रज़वी बरेलवी ने कहा कि रमज़ान के दौरान ऐसी हरकत अपराध है। हालांकि बहुत से लोग शमी के समर्थन में आए, इनमें से एक जाने-माने गीतकार और लेखक जावेद अख़्तर ने कहा, 'शमी साहब आप उन कट्टर मूर्खों की परवाह मत कीजिए, जिन्हें क्रिकेट मैच के दौरान मैदान पर आपके पानी पीने से परेशानी है।' वहीं अब इस मामले पर पाकिस्तान से भी प्रतिक्रिया आई है। पूर्व पाक कप्तान इंजमाम उल हक ने कहा कि खेलते हुए रोज़ा रखना मुश्किल है। हम लोगों का भी अपना अनुभव है। रोज़े के दौरान मैच होता था तो वाटर ब्रेक के दौरान पाकिस्तान की टीम स्क्रीन के पीछे चली जाती थी। वहीं पानी पी लेते थे। इसी तरह पूर्व पाक क्रिकेटर सक़लैन मुश्ताक़ ने कहा, 'मुझे समझ में नहीं आता है कि इन चीज़ों पर क्यों ध्यान देते हैं। हमें इस पर ध्यान देना चाहिए कि अच्छे इंसान बनें और सकारात्मक चीज़ों को लेकर आगे बढ़ें। हम आजकल सोशल मीडिया पर ऐसी बातों पर बहस कर रहे हैं, जिनसे रत्ती भर भी फ़ायदा नहीं है। न केवल पाकिस्तान में बल्कि इंडिया के साइड में भी ऐसी चीज़ें बढ़ रही हैं।'

वैसे मोहम्मद शमी को लेकर अनावश्यक विवाद पहले भी खड़े करने की कोशिश की गई है, उसका कारण यही है कि वे एक मुसलमान हैं। पहले भी भारतीय टीम में मुस्लिम खिलाड़ी होते थे, लेकिन तब बातों का बतंगड़ बनाने के लिए सोशल मीडिया नहीं था, न ही दिमाग में इस कदर नफरत भरी थी। हालांकि अब भी खिलाड़ी नफरत पर मोहब्बत की इबारत लिख रहे हैं। दुबई से एक बड़ा प्यारा वीडियो सामने आया है, जिसमें विराट कोहली को बधाई देने जब मो.शमी की मां आईं तो विराट कोहली ने उनके पैर छुए, फिर साथ में तस्वीरें खिंचाई। यह बड़ी सामान्य सी बात है, लेकिन आज के दौर में ऐसे वाकए काफी खास हो चुके हैं।

फाइनल मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए कप्तान रोहित शर्मा को मैन ऑफ द मैच का खिताब भी मिला। उन्होंने अपने खेल और कप्तानी दोनों से काम बोलेगा, हम नहीं, वाली बात को साबित कर दिखाया है। रोहित शर्मा को लेकर भी काफी विवाद हुआ था, क्योंकि कांग्रेस नेता और प्रवक्ता शमा मोहम्मद ने उनके मोटापे पर टिप्पणी की थी। इसे निजी विचार बताकर कांग्रेस ने किनारा किया था और खुद शमा मोहम्मद ने भी अपने ट्वीट डिलीट कर लिए थे, उनका यह कहना था कि वे केवल सेहत की बात कर रही हैं और किसी का अपमान करने का इरादा उनका नहीं था। इस मुद्दे को भाजपा ने स्वाभाविक तौर पर लपका और कांग्रेस से जवाब मांगे, राजनीति में ऐसा ही होता है। लेकिन शमा मोहम्मद को जिस तरह पत्रकारों ने ट्रोल करने की कोशिश की और उनके बयान को हिंदू-मुस्लिम नजरिए से पेश करने की सोच दिखाई, वह शर्मनाक था।

बहरहाल, एक शानदार जीत टीम इंडिया ने दर्ज की, इस पर खुले दिल से जश्न मनाया जाए, यही बेहतर होगा। अगर इसमें राजनीति करने की कोशिश होगी तो आगे ऐसी जीत का रास्ता बंद भी हो सकता है।

# एकता का स्वांग, बंटवारे की भाषा!

भाषा के प्रश्न पर और खासतौर पर क्षेत्रीय अस्मिता के मुद्दे पर, दक्षिण भारत एक बार फिर गर्म हो रहा है। इसका उबाल तमिलनाडु में खासतौर पर ज्यादा है, जहां पहले भी 1960-70 के दशकों में, भाषायी प्रश्न पर उग्र विरोध सामने आया था। बहरहाल, कम से कम इस बार भाषा विवाद का जोर पकड़ना इस अर्थ में अनावश्यक था कि यह विवाद केवल केंद्र सरकार के इकतरफा कदमों और इकतरफा फैसलों पर प्रतिक्रिया के रूप में भड़का है। यह कोई संयोग ही नहीं है कि साठ-सत्तर के दशकों को पीछे छोड़कर देश अगर बाद के दशकों में भाषायी अशांति से बहुत दूर निकल आया था, तो इसमें भाषायी विवाद में सामने आयी संवेदनाओं के प्रति, बाद में आयी केंद्र सरकारों के संवेदनशीलता प्रदर्शित करने का भी हाथ था। लेकिन, मोदी राज में इस तरह की संवेदनशीलता की जगह, मराठी की संज्ञा का उपयोग करें तो केंद्र और सत्ताधारी ताकतों की ठोकशाही ने ले ली है। इसका नतीजा साठ-सत्तर के भाषायी विवाद के साए फिर से सिर पर मंडरा रहे होने के रूप में सामने है।

जैसाकि सभी जानते हैं, विवाद के वर्तमान चक्र की शुरूआत केंद्र सरकार द्वारा इकतरफा तरीके से तमिलनाडु के शिक्षा से संबंधित फंड रोके जाने के साथ हुई थी। इस सिलसिले को चलते करीब दो साल हो जाने और राज्य का इस तरह रोका गया फंड दो हजार रुपए से ऊपर निकल जाने के बाद, अब तक शिष्टता से इस मुद्दे को उठाती रही तमिलनाडु सरकार को, विरोध का अपना स्वर ऊंचा करना पड़ा। लेकिन, मोदी सरकार को इस तरह के किसी विरोध की सुनवाई करना तो दूर रहा, विरोध की ऐसी आवाज को बर्दाश्त करना भी मंजूर नहीं होता है। राज्य के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जा रहा है, कहने की रस्म-अदायगी के फौरन बाद, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने फंड रोके जाने के लिए तमिलनाडु को ही यह कहकर दोषी ठहराना शुरू कर दिया कि समस्या उसके ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लागू न करने में है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू हो, फंड खुद ब खुद आ जाएंगे!

कहने की जरूरत नहीं है कि यह केंद्र के हाथों से निकलने वाले, केंद्रीय कार्यक्रमों के फंड को, राज्यों पर नीतिगत मामलों में बड़ी नंगई से केंद्र सरकार की मनमर्जी थोपे जाने का औजार बनाए जाने का ही मामला है। यह देश की संघीय व्यवस्था के खिलाफ है, जिसकी इजाजत देश का संविधान नहीं देता है। कोई भी स्वाभिमानी राज्य, केंद्र के इस तरह मनमर्जी थोपने का विरोध करेगा। और शिक्षा जैसे मामलों में, जो संविधान की समवर्ती सूची में आने के बावजूद, मुख्यत: राज्य के अधिकार का विषय बना हुआ है, केंद्र की ऐसी मनमानी तो हर्गिज स्वीकार नहीं की जा सकती है। लेकिन, मोदी राज में तो केंद्र के इस तरह की मनमर्जी चलाने को ही सामान्य बनाने की कोशिश की जा रही है।

कथित राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 शुरू से आखिर तक, ऐसी मनमानी का ही उदाहरण है। संघ-भाजपा के विशेष एजेंडे और हिंदुत्व-कारपोरेट गठजोड़ को आगे बढ़ाने के स्पष्ट उद्देश्य के साथ, इस शिक्षा नीति को सूत्रबद्ध करने की कई साल लंबी कसरत से, राज्यों को बाहर ही रखा गया था, जो अन्य चीजों के अलावा इस कसरत का इस देश की समृद्ध विविधता से विमुख बने रहना ही सुनिश्चित करता था। दूसरी ओर, संबंधित कमेटी में शुरू से ही कारपोरेट नजरिए का बोलबाला सुनिश्चित किया गया था। इस तरह सरासर गैर-प्रतिनिधि तरीके से, संघ-कारपोरेट गठजोड़ के आग्रहों को आगे ले जाने का पूरा बंदोबस्त करने और छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों आदि, शिक्षा में सबसे ज्यादा हित-रखने वाले सभी तबकों की आवाजों को बाहर रखने के बाद, एक दक्षिणपंथी विचारधारात्मक आग्रहों से लदा मसौदा तैयार करने के बाद, रस्मअदायगी के तौर पर लोगों की राय लेने के लिए रखा जरूर गया, लेकिन जैसाकि पहले से अनुमान लगाया जा सकता था, विभिन्न हितधारकों की रायों को और तमाम आलोचनात्मक रायों को, सिरे से अनसुना कर दिया गया।



राजेंद्र शर्मा

> कथित राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 शुरू से आखिर तक, ऐसी मनमानी का ही उदाहरण है। संघ-भाजपा के विशेष एजेंडे और हिंदुत्व-कारपोरेट गठजोड़ को आगे बढ़ाने के स्पष्ट उद्देश्य के साथ, इस शिक्षा नीति को सूत्रबद्ध करने की कई साल लंबी कसरत से, राज्यों को बाहर ही रखा गया था, जो अन्य चीजों के अलावा इस कसरत का इस देश की समृद्ध विविधता से विमुख बने रहना ही सुनिश्चित करता था।

इसके ऊपर से, 1968 तथा 1986 की राष्ट्रीय शिक्षा नीतियों के विपरीत, इस शिक्षा नीति को सीधे केंद्र द्वारा इकतरफा तरीके से देश पर थोप दिया गया। इस नीति पर न सिर्फ राज्यों की कोई राय नहीं ली गयी, राज्यों को साथ लेकर चलना तो उसकी दृष्टि में भी नहीं था। उल्टे केंद्र ने पूरे देश की ओर से नीति बनाने का अधिकार खुद ब खुद अपने को दे दिया था। इसके ऊपर से, संसद को भी इस प्रक्रिया में कोई भूमिका नहीं दी गयी और इस तरह वृहत्तर राजनीतिक राय को इस समूची प्रक्रिया से दूर ही रखा गया। केंद्र सरकार ने ही कमेटी का गठन किया और उसी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अपनी मंजूरी से, देश पर थोप भी दिया।

हैरानी की बात नहीं है कि गैर-भाजपायी राज्यों में इस राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनेक पहलुओं को विभिन्न स्तरों पर उपेक्षा, असहयोग से लेकर प्रतिरोध तक का सामना करना पड़ रहा है। तमिलनाडु में यह विरोध सबसे बढ़कर, त्रिभाषा फार्मूले के लागू किए जाने के नाम पर, हिंदी के थोपे जाने के विरोध के रूप में सामने आया है। बेशक, इस राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मातृभाषा में शिक्षा पर, खासतौर पर प्राथमिक शिक्षा के स्तर पर जोर दिए जाने की बात कही गयी है। लेकिन, इसके साथ ही इसमें छोटे बच्चों के बीच बहुभाषिकता को पोसने पर भी काफी जोर दिया गया है, जिसकी शिक्षा-विज्ञानी वैज्ञानिकता पर सवाल उठ सकते हैं। बहरहाल, इसमें भी विशेष रूप से समस्यापूर्ण है, त्रिभाषा फार्मूले के नाम पर तमिलनाडु में तमिल और अंग्रेजी के अलावा, हिंदी थोपने का आग्रह। वैसे तो मोदी सरकार जब से सत्ता में आयी है, केंद्र द्वारा हिंदी थोपे जाने की शिकायतें उठती ही रही हैं। बहरहाल, त्रिभाषा फार्मूले के लागू किए जाने के केंद्र के फरमान और इस फरमान को थोपने के लिए शिक्षा के लिए राज्य के फंड तक रोकने की उसकी दादागीरी ने, चीजों का विस्फोटक बिंदु तक पहुंचा दिया है।

बेशक, त्रिभाषा फार्मूला जिसका तमिलनाडु प्रतिरोध कर रहा है, 2020 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति की ही खोज नहीं है। तीन भाषाओं पर आधारित फार्मूला पहले से शिक्षा नीति का हिस्सा रहा था। लेकिन, एक तो उसे इस तरह अनिच्छुक राज्यों पर थोपने की कोशिश पहले नहीं की गयी थी। इसके ऊपर से, 2020 की शिक्षा नीति में त्रिभाषा फार्मूले में भी तरह-तरह के बदलाव कर दिए गए हैं, जो इस फार्मूले के जरिए वास्तव में किसी बड़े पैमाने पर तथा सही मायने में बहुभाषिकता सुनिश्चित करने के बजाय, इसे किसी न किसी प्रकार से गैर-हिंदीभाषी राज्यों पर हिंदी लादे का जाने ही फार्मूला बना देता है। यह किसी से छुपा हुआ नहीं है कि किस तरह संस्कृत की पढ़ाई की ओट लेकर, त्रिभाषा फार्मूले में विश्वास के पाखंड के बावजूद, हिंदी भाषी क्षेत्र के अधिकांश हिस्से को अन्य कोई आधुनिक भारतीय भाषा सीखने से दूर रखा जाता रहा है।

हैरानी की बात नहीं है कि पिछले ही दिनों आया एक अध्ययन यह दिखाता है कि हिंदीभाषी क्षेत्र 90 फीसदी एकल-भाषी है और सबसे कम बहुभाषिक है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति इस असंतुलन को और बढ़ाने ही जा रही है। नयी नीति में इसी छल को विदेशी भाषाओं की पढ़ाई का प्रावधान जोड़ने के जरिए और आगे बढ़ाया गया है। वास्तव में मातृभाषा में शिक्षा के पहलू से भी आरंभिक शिक्षा को आज बढ़ती चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। आल इंडिया स्कूल एजूकेशन सर्वे के आठवें चक्र से, जो एनसीईआरटी द्वारा किया गया भाषायी माध्मम पर आखिरी अखिल भारतीय सर्वे है, पता चलता है कि वास्तव में मातृभाषा में पढ़ाने वाले स्कूलों का अनुपात घटने के बजाय बढ़ ही रहा है। आठवें सर्वे के समय 86.62 फीसदी स्कूल मातृभाषा के माध्यम से शिक्षा दे रहे थे, जबकि सातवें सर्वे के समय यही अनुपात 92.07 फीसदी था। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र, दोनों में यह हिस्सा घट रहा था। इससे इस राष्ट्रीय शिक्षा नीति की प्राथमिकताओं का ही पता चलता है कि यह नीति तमिलनाडु से त्रिभाषा फार्मूला लागू कराने के लिए झगड़ रही है, न कि मातृभाषा के माध्यम से शिक्षा के अनुपात में गिरावट के खिलाफ कोई अभियान चला रही है, क्योंकि यह गिरावट तो शिक्षा के उस बढ़ते निजीकरण तथा व्यापारीकरण का ही नतीजा है, जिसे यह शिक्षा नीति बड़ी नंगई से प्रमोट करती है।

हैरानी की बात नहीं है कि तमिलनाडु राज्य ने भी केंद्र की मनमानी की चुनौती को स्वीकार कर लिया है। मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने कह दिया है कि केंद्र कितने ही फंड रोक ले, तमिल झुकेंगे नहीं। इस तरह, जिस हिंदी के पूरे भारत को जोड़ने वाली भाषा होने का दावा किया जाता है, उसे केंद्र की रीति-नीति ने तोड़ने वाली भाषा बनाकर रख दिया है। देश को और ज्यादा एकजुट करने के दावे के साथ, ऐसे ही तोड़ने का काम जम्मू-कश्मीर से लेकर मणिपुर तक के मामले में किया गया है। एकता का झूठा मंत्रजाप करते-करते, देश को बढ़ते विभाजन के रास्ते पर धकेला जा रहा है।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं। )**

# कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट शुरू, टैरिफ को लागू होने में समय लगेगा

■ के रवींद्रन

तेल की कीमतें गिरकर अक्टूबर 2024 के बाद से अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गयी हैं और सभी संकेतों से लगता है कि गिरावट अभी खत्म नहीं हुई है। ब्रेंट पहले ही 70 डॉलर प्रति बैरल से नीचे गिर चुका है क्योंकि बाजार आपूर्ति में कमी का भार महसूस कर रहा है। ओपेक+ बैरल पहले से ही अच्छी आपूर्ति वाले सिस्टम में बाढ़ ला सकते हैं, जिससे किसी भी सार्थक मूल्य सुधार पर रोक लग सकती है।

यह इस तथ्य के बावजूद है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के प्रतिबंधों और टैरिफ से प्रत्याशित आपूर्ति घाटे को अभी तक प्रशासन के उतार-चढ़ाव को देखते हुए गंभीर नहीं माना गया है। कीमतों का एशियाई उपभोक्ताओं पर पहले से ही सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। सऊदी अरब ने एशिया की कीमतों में और कटौती की घोषणा की है, क्योंकि वह उत्पादक कीमतों में गिरावट के बावजूद अपने बाजार शेयरों की रक्षा करना चाहता है।

विश्लेषकों ने इस बात पर प्रकाश डाला है कि ओपेक+ द्वारा बैरल की क्रमिक वापसी और अमेरिकी टैरिफ के अनिश्चित प्रभावों के कारण तेल बाजार मंदी की भावनाओं से जूझ रहा है। नीति अनिश्चितता और अधिक आपूर्ति के बीच संवेदनशील संतुलन से पता चलता है कि जब तक मांग में सुधार नहीं होता या उत्पादन में कटौती नहीं की जाती, कीमतों में सुधार के लिए संघर्ष करना पड़ सकता है।

अमेरिकी टैरिफ की शुरुआत, विशेष रूप से राष्ट्रपति ट्रम्प की उतार-चढ़ाव वाली टैरिफ नीतियों ने बाजार में महत्वपूर्ण अस्थिरता और निवेशक अनिश्चितता पैदा की है। अमेरिकी डॉलर कमजोर हुआ, जिससे यूरो में वित्तीय संकट के बाद से सबसे बड़ी साप्ताहिक वृद्धि हुई। यूरोप में, शेयर बाजारों में गिरावट आई, जो जर्मनी में नरम फैक्टरी डेटा और टैरिफ-संबंधी चिंताओं से बढ़ी व्यापक आर्थिक चिंताओं को दर्शाती है। वैश्विक व्यापार तनावों ने चीन को भी प्रभावित किया है, बढ़ते व्यापार युद्ध की आशंकाओं के बीच इसके आयात में काफी गिरावट आई है, जिससे वैश्विक आर्थिक स्थिरता पर और असर पड़ा है।

रूस के उप प्रधानमंत्री की टिप्पणियों के बाद कीमतों में थोड़ी तेजी देखी गयी, जिसमें सुझाव दिया गया कि ओपेक+ तेल उत्पादन बढ़ाने के अपने फैसले को पलट सकता है। अप्रैल में अधिक तेल पंप करने की योजना के बावजूद, ब्रेंटक्रूड की कीमतें 71 डॉलर प्रति बैरल से अधिक हो गयीं। अपने रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार को फिर से भरने के लिए 20 बिलियन डॉलर का तेल खरीदने के अमेरिकी इरादे ने भी कीमतों को बढ़ाया। अपने उत्पादन में वृद्धि के बाद उत्पादन में कटौती करने की कजाकिस्तान की प्रतिज्ञा ने बाजार की जटिलता को और बढ़ा दिया।

लेकिन यह बरकरार नहीं रह सका क्योंकि संभावित तेल की अधिकता और अमेरिकी आर्थिक स्वास्थ्य और व्यापार शुल्कों के प्रभाव को लेकर चिंता बनी रही। विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिकी विकास और चीनी मांग अनिश्चित हैं। 2025 की शुरुआत में चीन के तेल आयात में 5 प्रतिशत की गिरावट आयेगी। इसके बावजूद, एक छोटा चीनी भंडार कीमतों में महत्वपूर्ण गिरावट को रोक सकता है।

ईरान के खिलाफ हाल ही में अमेरिकी नीतिगत उपायों के बावजूद, जिसमें उसके तेल निर्यात को रोकने की योजना भी शामिल है, ओपेक+ और गैर-ओपेक उत्पादकों से आपूर्ति में वृद्धि के कारण बाजार में गिरावट का जोखिम है। ओपेक+ ने अप्रैल से प्रतिदिन 138,000 बैरल उत्पादन वृद्धि की घोषणा की, जिससे आपूर्ति की अधिकता की चिंता बढ़ गयी।

मेक्सिको और केनडा पर अमेरिकी टैरिफ की धमकियों और ओपेक+ द्वारा अप्रैल में उत्पादन फिर से शुरू करने की योजना की पुष्टि के कारण कीमतों में गिरावट आई है। टैरिफ, जो शुरू में प्रभावी होने वाले थे, अब स्थगित कर दिये गये हैं, जिससे कीमतों में थोड़ी तेजी आई है, लेकिन कच्चे तेल पर दबाव बना हुआ है।

केनडा के जवाबी टैरिफ अभी भी लागू हैं और चीन अगले सप्ताह जवाबी टैरिफ पर कार्रवाई करेगा।

> ओपेक+ को अब एक उच्च-दांव संतुलन कार्य का सामना करना पड़ रहा है- सदस्य राज्यों को अधिक राजस्व की आवश्यकता है, लेकिन यदि आपूर्ति मांग से अधिक हो जाती है, तो कीमतों पर और भी अधिक दबाव आ सकता है। आने वाले हफ़्तों में व्यापक आर्थिक संकेतक बाज़ार के लिए दिशा-निर्देशक होंगे। मुद्रास्फीति के रुझान, ब्याज दर के निर्णय और वैश्विक जीडीपी वृद्धि यह निर्धारित करेगी कि मांग मजबूत होगी या कमजोर।

बाजार आपूर्ति में कमी का भार महसूस कर रहा है, जबकि ओपेक+ बैरल पहले से ही अच्छी आपूर्ति वाले सिस्टम में बाढ़ ला रहे हैं, जिससे किसी भी सार्थक मूल्य सुधार पर रोक लगी हुई है।

ओपेक+ मांग के स्थिर रहने पर भरोसा कर रहा है, लेकिन इस समय और अधिक तेल आपूर्ति बढ़ाने से बाजार का संतुलन बिगड़ने का जोखिम है और बाजार के कंटैंगो (कोमोडिटीफ्यूचर्स का मूल्य स्पॉट मूल्य से अधिक होने की स्थिति) में पलटने का जोखिम है।

टैरिफ़ की धमकियों ने बाज़ारों में हलचल मचा दी, न केवल संभावित व्यापार व्यवधानों के कारण, बल्कि ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाओं में भी जवाबी कार्रवाई की आशंकाओं के कारण।

जबकि टैरिफ़ में देरी ने थोड़ी राहत की सांस दी है, बाज़ार अभी भी नीति अनिश्चितता और अति आपूर्ति चिंताओं के बीच एक कठिन राह पर चल रहा है।

ओपेक+ को अब एक उच्च-दांव संतुलन कार्य का सामना करना पड़ रहा है- सदस्य राज्यों को अधिक राजस्व की आवश्यकता है, लेकिन यदि आपूर्ति मांग से अधिक हो जाती है, तो कीमतों पर और भी अधिक दबाव आ सकता है।

आने वाले हफ़्तों में व्यापक आर्थिक संकेतक बाज़ार के लिए दिशा-निर्देशक होंगे। मुद्रास्फीति के रुझान, ब्याज दर के निर्णय और वैश्विक जीडीपी वृद्धि यह निर्धारित करेगी कि मांग मजबूत होगी या कमजोर।

अभी के लिए, कच्चे तेल की स्थिति नाजुक बनी हुई है, और जब तक मांग में वृद्धि नहीं होती या ओपेक+ द्वारा उत्पादन पर लगाम नहीं लगायी जाती, कीमतों को ठोस आधार पाने में संघर्ष करना पड़ सकता है।

## आपके पत्र

### सांस्कृतिक अवमूल्यन, युवाओं में बढ़ते यौन अपराध

प्रागैतिहासिक काल से भारतीय संस्कृति सभ्यता में ऐसा लचीलापन है कि अनेक विदेशी सभ्यताओं को हमने आत्मसात कर उन्हें भी अपने रंग में रंग लिया है। उन सब के रंगों में हम भी रंग गए हैं। भारतीय समाज की विशेषता है कि यह क्रमिक रूप से बाहरी मूल्यों को अपनाते हुए आगे बढ़ रहा है जिसके फलस्वरूप आज समाज विभिन्न संस्कृतियों, सभ्यताओं तथा मूल्यों का अद्भुत समूह बन गया, यूं कहें कि अलग-अलग सभ्यताओं के पुष्पों का एक रंग बिरंगा गुलदस्ता ही बन गया है। वहीं सभ्यताओं के आत्मसात करने के परिणामस्वरूप पाश्चात्य सभ्यता से हिंदुस्तानी समाज में बड़ी विसंगतियां जन्म लेने लगी है। सभ्यताएं तो आई लेकिन अपनी बुराइयों को भी लेकर आई हैं। इससे भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों का अवमूल्यन सी हुआ है और इसके अलावा पाश्चात्य सभ्यता ने खुलेपन आमंत्रित कर युवाओं तथा पुरुषों के मन में वासनात्मक कुंठा को जन्म दिया है। जिसके कारण महिलाओं पर यौन हिंसा की घटनाएं बढ़ती जा रही है। आज भारतीय समाज निश्चित तौर पर परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और यही वजह है कि पाश्चात्य सांस्कृतिक प्रवृतियों मानसिक भावनाओं को संक्रमित कर कुंठा को जन्म दिया है। यही कारण है कि मानसिक संक्रमण से भारतीय समाज पाश्चात्य सभ्यता का अंधा अनुसरण कर रहा है जिसके कारण मानवीय मूल्यों में नैतिक स्खलन स्पष्ट दिखाई देने लगा और इस नैतिक गिरावट से हिंसा में काफी वृद्धि हुई है। पाश्चात्य सभ्यता के दुष्प्रभाव में सबसे गहरा दुष्प्रभाव यौन हिंसा के प्रचार प्रसार का है। पुरुष समाज की मानसिकता है कि पुरुष होने के कारण उन्हें कुछ चीजों का हक नैसर्गिक रूप से प्राप्त है जैसे कि अच्छी पत्नी और संतान में बेटों की प्राप्ति, कोई भी पुरुष अपनी आने वाली पीढ़ी में पुत्री नहीं चाहता है जबकि पुत्र-पुत्री एक समान ही होते हैं बल्कि जो मायूस होकर पुत्री जन्म का दुख मनाते हैं।

मानसिक रूप से अपरिपक्व बच्चों के पास मोबाइल तथा लैपटॉप तथा इंटरनेट आ चुका है और उससे वह वह वासनात्मक कहानियां, चित्र और फिल्में देखकर युवतियों तथा छोटी-छोटी बच्चियों पर यौन अपराध करने से नहीं चूकते और यही वजह है कि भारतीय संस्कृति विकृत होकर युवकों द्वारा बड़ी संख्या में यौन अपराध किए जा रहे हैं। जिसके कारण महिलाओं की भावना तथा आत्म सम्मान में गिरावट आकर आत्महत्या तक के परिणाम सामने आने लगे हैं। आंकड़ों में यदि जाएं तो 2020 में लगभग 40,000 बलात्कार के मामले हिंदुस्तान में सामने आए हैं जिनमें 18 साल से कम आयु की लड़कियों की संख्या 16800 की और सबसे खतरनाक तथा विवाद,वीभस्त आंकड़ा जो है वह 6 साल से कम उम्र की लड़कियों के साथ बलात्कार की घटना के लगभग 600 मामले सामने आए हैं। यौन हिंसा के अलावा बच्चियों, युवतियों तथा महिलाओं द्वारा युवाओं द्वारा दिए गए प्रणय निवेदन तो ठुकरा दिए जाने के बाद तेजाब फेंकने की घटनाएं तीव्रता से बड़ी हैं

**संजीव ठाकुर**



## ललित सुरजन की कलम से

### अमेरिका:पूंजीवाद की शतरंजी चालें

*विश्व राजनीति में दिलचस्पी रखने वाले पाठकों को शायद पता हो कि कार्टर के चुनाव मैदान में उतरने से कुछ वर्ष पहले अमेरिका में ट्राइलेटरल कमीशन नामक एक संस्था स्थापित हुई थी। जैसा कि नाम से स्पष्ट है अपने आपको आयोग कहने वाला यह एक त्रिपक्षीय प्रतिष्ठान था। इसमें अमेरिका, उत्तरी यूरोप और जापान ये तीन पक्ष थे याने इन देशों के बहुराष्ट्रीय निगम। कमीशन की स्थापना 1973 में अमेरिका के बड़े इजारेदार जॉन डी. रॉकफेलर ने की थी और हम समझ सकते हैं कि इसका मकसद अंतरराष्ट्रीय पूंजीवाद को बढ़ावा देना था। दुनिया के मजदूरों एक हो का नारा तो कमजोर होने लगा था उसका स्थान एक नया नारा ले रहा था- दुनिया के पूंजीपतियों एक हो। गो कि पूंजीपति मजदूरों की तरह सड़कों पर आकर नारे नहीं लगाते। उनका नारा बोर्ड रूम की कार्रवाईयों में अनुगूंजित होता है। जिमी कार्टर इस ट्राइलेटरल कमीशन के द्वारा मैदान में उतारे गए थे। यह बात कुछ-कुछ तब स्पष्ट हुई जब हार्वर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर जिबीग्न्यू ब्रज़ेज़िन्स्की प्रोफेसरी छोड़कर पहले तो कमीशन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी बने और कार्टर के राष्ट्रपति बनते साथ उनके राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जैसे महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त कर दिए गए।*

**( अक्षर पर्व मार्च 2017 अंक की प्रस्तावना )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2017/03/blog-post_9.html

## पावन प्रसंग

### पर्वों से जीवन में उल्लास

व्रत,पर्व-त्यौहार व उत्सव भारतीय संस्कृति के आवश्यक अंग हैं। ये तत्व मनुष्य के जीवन व्यवहार के केंद्रबिंदु में रहते हैं। इन्हीं केंद्रबिंदुओं के चारों ओर भावनाओं,विश्वासों,विचारों एवं धार्मिक आचार व्यवहार का विस्तार होता है और मनुष्य समूह रूप में स्वत: ही मन एवं आत्मा की एकता के सूत्र में बंधने लगता है। आध्यात्मिक ऊर्जा हमारे देश के कण-कण में समाविष्ट है। यहां के व्रत-नियमों का संबंध परम्परा अध्यात्मदर्शन, देवदर्शन और निरामयता से जुड़ा हुआ है। इसलिए हमारे यहां व्रत, पर्व त्यौहारों की सुदीर्घ परंपरा सदियों से चली आ रही है। धार्मिक परंपरा में हमारे व्रत एवं त्यौहार गुंथे हुए हैं। हिमालय से लेकर दक्षिण प्रदेश तक और बंगाल से लेकर गुजरात तक व्रतों एवं त्यौहारों की एक अविच्छिन्न परंपरा आज भी देश में विद्यमान है, जो पूरे वर्ष चलती रहती है। देवी-देवताओं मं अटूट विश्वास चाहे वैदिक अथवा लौकिक, भारतीय लोक जीवन की विशेषता रही है। व्यक्ति चाहे भारत के किसी भी प्रदेश में चले जाएं, वहां प्रतिवर्ष समय-समय पर किसी न किसी देवी-देवता के मेले लगते रहते हैं और उत्सव होते रहता है।

गणगौर व्रत, नवरात्रि, रामनवमी, गंगा दशहरा, वसंत पंचमी, महाशिवरात्रि एवं होली तक भारतीय व्रतों एवं त्यौहारों का सिलसिला चलता रहता है। ये तो बड़े-बड़े त्यौहार हैं, जिन्हें गांव-गांव, नगर-नगर में सामूहिक रूप से मनाया जाता है। इनके अतिरिक्त एकादशी, अमावस्या, पूर्णिमा, अष्टमी आदि के व्रत होते हैं जो किसी न किसी धार्मिक आस्था से जुड़े रहते हैं। शनि, रवि आदि वारों से जुड़े व्रत एवं उपवास होते हैं। संक्षेप में हम कह सकते हैं कि भारतीय पंचांग का कोई ऐसा सप्ताह,पखवाड़ा, महीना नहीं है जिसमें कोई व्रत या त्यौहार नहीं होता। वियते इति व्रतम्। अनुष्ठान किया जाए, उसे व्रत कहते हैं। व्रत के पुण्यजनक उपवास, नियम, निष्ठा, अनुष्ठान, नियमन, संकल्प संय, नियामक, कर्तव्य कर्म आदि अनेक अर्थ होते है।

भारतीय पर्वों के मूल में आनंद और उल्लास का विशेष महत्व है; क्योंकि कुछ दार्शनिकों की मान्यता है कि सृष्टि आनंद से उद्भूत है, आनंद में स्थित है और आनंद में प्रवेश करती है। पर्वों का उद्देश्य प्रत्येक क्षण की आनंद से परिपूर्ण कर देना और आनंद की पल-पल अनुभूति का एहसास कराना भी है। पर्वों का उद्देश्य मानव को सामाजिक बनाना भी है। हमारी संस्कृति मं जीवन के प्रत्येक क्षण को उत्सव की तरह जीने का ध्येय रहा है। आनंद के क्षण तभी सार्थक होते हैं। जब उन्हें सभी के साथ मिल-बांटकर ङठाया जाए। आज मानव का समय ज्यादा से ज्यादा कीमती हो गया है, उसके पास समाज तो क्या? परिवार के लिए समय नहीं है। हमेंल परिवार मं मेल-जोल बढ़ाने व समाज से जोड़ने का काम करते हैं। ये हमें अधिक से अधिक सामाजिक संस्कारों की ओर प्रवृत्त करते हैं। हमारी संस्कृति में मिठास की तरह घुली हुई पर्व परंपरा केवल उत्सव भावना का ही निर्वाह नहीं करती बल्कि इसमें हमारी विचारधारा के बीज भी हैं। आज के युग में तो पर्व परम्परा और भी ज्यादा प्रासंगिक हो जाती है क्योंकि इंसान एक दूसरे से कट रहा है, दूर हो रहा है और वर्तमान में समय चिंता, निराशा, अवसाद अब जीवन का हिस्सा बनते जा रहे हैं।

**युग निर्माण योजना**

# खेल जगत

## हम एक बेहतर टीम से हारे : मिचेल सैंटनर

**दुबई।** न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने रविवार को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में भारत से हारने के बाद कहा कि वह एक बेहतर टीम से हारे। सैंटनर ने मैच के बाद कहा कि यह हमारे लिए एक अच्छा टूर्नामेंट रहा। हमें पूरे सफर में चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन जिस तरह हमने एक समूह के रूप में खुद को विकसित किया, वह काबिल-ए-तारीफ़ है। आज हमें एक बेहतर टीम ने हराया। पूरे टूर्नामेंट में हर किसी ने योगदान दिया और अलग-अलग मौकों पर आगे बढ़कर जिम्मेदारी ली। उन्होंने कहा कि हमने अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन पावरप्ले के बाद कुछ विकेट गंवा दिए और फिर उन्होंने हम पर दबाव बना दिया। उनके स्पिनर्स ने जिस तरह गेंदबाजी की, उसका पूरा श्रेय उन्हें जाता है। वे वर्ल्ड-क्लास गेंदबाज हैं। हम अपनी उम्मीद से 20-25 रन कम रह गए।



# हम अगले आठ बरस तक दुनिया से मुकाबला करने को तैयार: कोहली

○ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 10 मार्च (देशबन्धु)। दुनिया के धुरंधर बल्लेबाज चेज मास्टर विराट कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ शतक और सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 84 रन की बेहतरीन पारी खेल कर दुबई में भारत को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जिताने में अहम योगदान कर ऑस्ट्रेलिया दौरे पर औसत प्रदर्शन वहां उसके हाथों पांच क्रिकेट टेस्ट मैचों की बॉर्डर गावसकर ट्रॉफी में 1-3 की हार की कसक को मिटा कर अपने आलाचकों का मुंह बंद दिया है। भारत के दुबई में रविवार को फाइनल में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हरा अजेय रह आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी खिताब जीतने पर विराट कोहली ने कहा, 'हम ऑस्ट्रेलिया में मुश्किल टेस्ट सीरीज में हार के बाद बड़ा टूर्नामेंट जीत कर वापसी करना चाहते थे। दुबई में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीत हम ऐसा करने में कामयाब रहे। चैंपियंस ट्रॉफी में बेहतरीन साथी नौजवान भारतीय क्रिकेटरों के साथ खेलना वाकई एक बेहतरीन अनुभव रहा। जब आप टीम छोड़ते हैं, तो आप उसे एक बेहतर स्थान पर छोड़ना चाहते हैं। मेरा मानना है कि हमारे पास एक ऐसी भारतीय टीम है जो अगले आठ बरस तक दुनिया से मुकाबला करने के लिए तैयार है। शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर और हार्दिक पांडया ने बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया । वहीं केएल राहुल ने मैच को बढ़िया ढंग से फिनिश किया है। सच कहूं हमारी भारतीय टीम बहुत प्रतिभासम्पन्न है। हमारे नौजवान खिलाड़ी अपने खेल को बुलंदियों पर ले जाना चाहते हैं। हम सीनियर क्रिकेटर बस अपने इन प्रतिभासम्पन्न नौजवान साथियों के साथ अपना अनुभव बांट कर खुश हैं और यही हमारी इस भारतीय टीम को बहुत मजबूत बनाता है। अब दबाव के बीच पूरी शिद्दत से अपनी टीम को खिताब जिताने के लिए ही क्रिकेट खेलते हैं। रविवार को सम्पन्न चैंपियंस ट्रॉफी में हमारी पूरी टीम, हर किसी ने जरूरत के वक्त आगे एक साथ आकर खिताब जिताने में योगदान किया। हमारी चैंपियंस ट्रॉफी की जीत में हर किसी ने असरदार प्रदर्शन किया। हम सभी वाकई एक गजब की इस भारतीय टीम का हिस्सा हैं। हमारी टीम ने हर किसी ने अभ्यास में जितना पसीना बहाया उसी का सिला हमें खिताब के रूप में मिला।'



■ हमारे नौजवान खिलाड़ी अपने खेल को बुलंदियों पर ले जाना चाहते हैं

■ हम सीनियर क्रिकेटर अपने इन प्रतिभासम्पन्न नौजवान साथियों के साथ अपना अनुभव बांट कर खुश

**न्यूजीलैंड की टीम दुनिया की सर्वश्रेष्ठ सबसे चुस्त फील्डिंग करने वाली टीम है : विराट**

भारत से कड़े संघर्ष के बाद चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में हारने वाली न्यूजीलैंड टीम की विराट कोहली ने दिल खोल कर तारीफ की। विराट ने कहा, ' हम यह देख कर हैरान होते हैं कि बरसों से न्यूजीलैंड अपने पास सीमित क्रिकेटरों के साथ क्या कर सकते हैं, और उनकी प्रतिभा को पूरी शिद्दत से वे कैसे निखार सकते हैं। हम जब भी बड़े मैचों में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलते हैं तो पाते वे एक तय योजना के साथ आते हैं। न्यूजीलैंड की तरह दुनिया की कोई भी अन्य टीम अपनी योजना को अमली जामा नहीं पहना सकती है। न्यूजीलैंड का हर क्षेत्ररक्षक जानता है कि उनका गेंदबाज कहां गेंदबाजी करेगा और वे इसी के मुताबिक गेद पर झपटते हैं। न्यूजीलैंड टीम की इस बात के लिए सराहना करनी होगी कि उसकी टीम बीते पिछले कुछ टूर्नामेंट में लगातार सधा हुआ प्रदर्शन करने वाली टीम है।न्यूजीलैंड की टीम दुनिया की सर्वश्रेष्ठ सबसे चुस्त फील्डिंग करने वाली टीम है। न्यूजीलैंड की टीम ने अपनी प्रतिभा का सर्वश्रेष्ठ इस्तेमाल किया है। यह देख कर अफसोस हुआ कि मेरे बहुत अच्छे दोस्त केन विलियमसन चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में हारने वाली न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा है।

### खुश हूं कि मैं धैर्य बना भारत को फाइनल जिता ट्रॉफी जिताने में कामयाब रहा : केएल राहुल



केएल राहुल ने कहा, 'मुझे पूरा भरोसा था कि हम न्यूजीलैंड द्वारा फाइनल में जीत के लिए रखे गए लक्ष्य को हासिल कर लेंगे। मेरे बाद भी हमारे पास और भी बल्लेबाज थे। हम सभी जानते हैं कि चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल जैसे बड़े मैचों में अहम है अपना धैर्य बनाए रखना। ऐसे में धैर्य बनाए रखना आसान नहीं होता। मैं खुश हूं कि मैं धैर्य बना भारत को फाइनल जिता ट्रॉफी जिताने में कामयाब रहा। मुझे लगता है कि मैने भारत के चैंपियंस ट्रॉफी में पांच में से तीन मैचों में लगभग ऐसी ही स्थिति में बल्लेबाजी की और पाकिस्तान के खिलाफ मैच में मेरे बल्लेबाजी करने का नंबर ही नहीं आया। मैचों ने मुझे मैदान पर अच्छा बिताने का पर्याप्त वक्त मिला। इससे मुझे फाइनल जैसे बड़े मंच के लिए तैयार होने का वक्त मिल गया है। बेशक इसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है। मैं सच कहूं महज कौशल है। हम सभी ने बचपन में ऐसे ही क्रिकेट खेली है। हमें बहुत बड़ी चुनैतियां झेलनी पड़ती है।

### केएल राहुल ने सही वक्त पर जोखिम उठाया : हार्दिक




हार्दिक पांडया ने कहा, ' आईसीसी टूर्नामेंट जीतना हमेशा शानदार होता है। मुझे 2017 याद है कि हम तब जीतने से चूक गए थे। इस बार चैंपियंस ट्रॉफी जीत कर बहुत खुश हूं। केएल राहुल बहुत धैर्य बहुत समझबूझ से खेले और सही वक्त पर जोखिम उठाया।

### मुझे दबाव में खेलना पसंद है : श्रेयस



श्रेयस अय्यर ने कहा, 'बेहद रोमांचित हूं। यह मेरी पहली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी थी। ड्रेसिंग रूम में हर किसी को देख कर मैं अभिभूत था। मुझे दबाव में खेलना पसंद है और मैं इसका आनंद उठाता हूं।

### चैम्पियंस ट्रॉफी में खेलने का सपना सच हुआ : वरुण



वरुण चक्रवर्ती ने कहा, 'मुझे अचानक ही भारतीय क्रिकेट टीम में शामिल किया गया लेकिन मैंने इसकी उम्मीद नहीं की थी। भारत के लिए चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने का मौका मिलना सपने का सच होना है। हमें सही लेंग्थ पर गेंदबाजी करनी थी।

### रोहित को दनादन अंदाज में बल्लेबाजी करते देखना अद्भुत : शुभमन

भारत के उपकप्तान शुभमन गिल ने कहा, ' अदुभत अहसास हुआ। मैंने बैठकर रोहित की बल्लेबाजी का लुत्फ उठाया। रोहित भाई ने मुझसे कहा कि स्कोर बोर्ड पर रनों का अंतर में कितना भी क्यों न हो, लक्ष्य आखिर तक बल्लेबाज़ी करनी है। हम



2023 में वन डे विश्व कप के फाइनल में हम ऑस्ट्रेलिया से हार खिताब जीतने से गए थे। लगातार आठ वन डे अंतर्राष्ट्रीय मैच जीतकर खुश हैं। रोहित को दनादन अंदाज में बल्लेबाजी करते देखना अद्भुत है। वह हमें बराबर अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए कहते है । न्यूजीलैंड लगातार बहुत प्रदर्शन करने वाली और और योजनाओं को सही ढंग से अमली जामा पहनान में यकीन करने वाली टीम है। हम जानते हैं कि वे अपना सर्वश्रेष्ठ देते हैं। उन्होंने रविवार रात बराबर यह दिखाया।मैं जब बच्चा था तो विराट भाई को टीवी पर खेलते देखता था और अब फिर उन्हें खुद दूसरे छोर से शिद्दत से खेलते देखना एक शानदार अहसास है। विराट हमेशा मैदान पर और उसके बाहर भी क्रिकेट के लिए अपना सब कुछ झोंकने को कहते हैं।

## चैम्पियंस ट्रॉफी खिताब के बाद जडेजा ने जीता सर्वश्रेष्ठ फील्डिंग मेडल

**दुबई,** 10 मार्च (एजेंसियां)। अनुभवी स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद फील्डर ऑफ द मैच का मेडल जीता है। अपने गेंदबाजी स्पैल में जडेजा ने 10 ओवर में सिर्फ 30 रन दिए और टॉम लैथम का महत्वपूर्ण विकेट लिया, जिससे भारत ने न्यूजीलैंड को 50 ओवर में 251/7 पर रोक दिया। बाद में, कप्तान रोहित शर्मा ने 76 रन बनाए और केएल राहुल ने शांत रहते हुए नाबाद 34 रन बनाए और रविवार को यहां न्यूजीलैंड पर चार विकेट से जीत के साथ मैन इन ब्लू को अपनी तीसरी चैंपियंस ट्रॉफी जीत दिलाई। जीत के बाद, फील्डिंग कोच टी दिलीप ने पूरे टूर्नामेंट में भारत के फील्डिंग प्रयासों की सराहना की और जडेजा को फील्डिंग मेडल का विजेता बताया। भारत ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार फील्डिंग का प्रदर्शन किया, लेकिन फाइनल में वे मैदान पर अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से बहुत दूर थे। मैन इन ब्लू ने चार मौके गंवाए, शमी ने एक कैच को फिंगरटिप किया, फिर श्रेयस अय्यर ने रचिन रवींद्र को आउट करने का मौका गंवा दिया, रोहित ने मिडविकेट पर एक वन-हैंडर छोड़ दिया, और गिल ने 38वें ओवर में एक कैच टपका दिया। कोई भी प्रयास कभी छोटा नहीं होता। मैदान पर हर एक प्रतिबद्धता एक साझा लक्ष्य को बढ़ावा दे रही थी और वह लक्ष्य हमारे सामने है, 'हम चैंपियन हैं'। फील्डिंग एक ही सिक्के के दो पहलू हैं; एक तरफ हम हमेशा तीव्रता, आक्रामकता, रवैये और सजगता के बारे में बात करते हैं। दूसरी तरफ, हम हमेशा एक-दूसरे के बीच सौहार्द, विश्वास और भाईचारे के बारे में बात करते हैं। दिलीप ने कहा कि पूरे टूर्नामेंट में हमने भाईचारे के साथ-साथ अपनी दृढ़ता का परिचय दिया है। दुबई में मिली जीत ने भारत को चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास की सबसे सफल टीम बना दिया है और उन्होंने यह उपलब्धि भारतीय प्रशंसकों से भरे स्टेडियम के सामने हासिल की।



■ जीत के बाद, फील्डिंग कोच टी दिलीप ने पूरे टूर्नामेंट में भारत के फील्डिंग प्रयासों की सराहना की

## रोहित भारत के कुछ सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में से एक : कार्तिक

**नई दिल्ली,** 10 मार्च (एजेंसियां)। भारत द्वारा अपना तीसरा चैंपियंस ट्रॉफी खिताब जीतने के बाद, पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने कहा कि कप्तान रोहित शर्मा उन कुछ सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में से एक हैं, जिन्होंने टीम को खिताब दिलाया है। रविवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में, रोहित ने 83 गेंदों पर 76 रनों की विस्फोटक पारी खेली और मैदान पर टीम का अच्छा नेतृत्व किया, जिससे भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर 2025 चैंपियंस ट्रॉफी जीती।

जब आप कप्तानों की बात करते हैं, तो वह भारत के लिए अब तक के सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में से एक हैं। हम कपिल देव, एमएस धोनी-विश्व कप विजेताओं के बारे में बात करते हैं। रोहित शर्मा विश्व कप विजेता हैं, और जिस तरह से उन्होंने टीम का नेतृत्व किया है, वह एक है। कार्तिक ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए आईसीसी वीडियो में कहा कि हां, उन्होंने टूर्नामेंट जीता है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्होंने भारतीय टीम के लिए और आने वाली पीढ़ियों के लिए मानसिकता में जो बदलाव लाया है, वह यह है कि हमें अनुकूलन और विकास करने की आवश्यकता है और आक्रामक तरीके से खेलना हमारा मंत्र है - यह देखना सुंदर रहा है। भारत, शीर्ष क्रम की एकदिवसीय टीम, ने 2002 और 2013 में जीती गई ट्रॉफियों के साथ 2025 चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब भी जोड़ा और आठ टीमों की प्रतियोगिता के इतिहास में सबसे सफल टीम बन गई। दुबई की शानदार रात ने रोहित को कप्तान के रूप में अपना दूसरा आईसीसी खिताब भी दिलाया, इससे पहले उन्होंने भारत को बारबाडोस में 2024 पुरुष टी20 विश्व कप जिताया था। भारत की दोनों ट्रॉफी जीत में, टीम अपने पूरे अभियान में अजेय रही।



### रोहित ने कप्तानी और बल्लेबाजी में शानदार काम किया : लक्ष्मी रतन शुक्ला

**कोलकाता।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज लक्ष्मी रतन शुक्ला ने रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर अपना तीसरा खिताब जीतने के बाद रोहित शर्मा के नेतृत्व कौशल और उनकी बल्लेबाजी की जमकर तारीफ की। 252 रनों का पीछा करते हुए, रोहित ने सात चौकों और तीन छक्कों की मदद से 76 रन बनाए और लक्ष्य का पीछा करने की नींव रखी। श्रेयस अय्यर (48), अक्षर पटेल (29), हार्दिक पांड्या (18) और केएल राहुल (नाबाद 34) ने भी बल्ले से योगदान दिया और टीम को जीत दिलाई। यह रोहित का टूर्नामेंट में पहला 30 से अधिक का स्कोर था, क्योंकि सलामी बल्लेबाज दुबई में पिछले चार मैचों में अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में विफल रहे थे।

## सार संक्षेप

### चैंपियंस ट्रॉफी : छक्कों के मामलों में भारत, चौके में न्यूजीलैंड

**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्राफी के फाइनल के सफर तक भारत और न्यूजीलैंड में चौकों और छक्कों की होड़ में भारत ने जहां छक्के लगाने में बाजी मारी वहीं न्यूजीलैंड ने इस मुकाबले में सबसे ज्यादा चौके लगाकर गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचाया। भारत ने रविवार को संपन्न हुये चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट में जहां 29 छक्के तथा 80 चौके लगाये। वहीं न्यूजीलैंड की ओर से 23 छक्के तथा 114 चौके जड़े गये। ग्रुप मुकाबलों में की बात की जाये तो भारतीय बल्लेबाज छक्के लगाने में अधिक आक्रामक दिखे। भारत की ओर से ग्रुप मुकाबलों में 16 छक्के तथा 29 चौके जड़े गये। इस मामले में न्यूजीलैंड ने केवल नौ छक्के तथा 50 चौके जड़े। सेमीफाइनल मुकाबले में भारत की ओर से सात छक्के तथा 16 चौके जड़े गये। वहीं न्यूजीलैंड ने पांच छक्के तथा 35 चौके लगाते हुए टूर्नामेंट का विशाल स्कोर खड़ा किया था। फाइनल मुकाबले में भारत ने नौ छक्के तथा 13 चौके लगाये। वहीं न्यूजीलैंड की ओर से चार छक्के तथा 15 चौके जड़े गये।

### हैरी ब्रूक ने आईपीएल से नाम लिया वापस

**लंदन।** इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट पर ध्यान लगाने के लिए आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से नाम वापस ले लिया है। यह लगातार दूसरी बार है जब उन्होंने इस फ्रैंचाइजी टूर्नामेंट से नाम वापस लिया है। इंग्लैड के 26 वर्षीय ब्रूक ने सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी साझा करते हुए कहा कि वह इस साल दिल्ली कैपिटल्स के लिए नहीं खेलेंगे। उन्होंने लिखा कि मैंने आगामी आईपीएल से नाम वापस लेने का बहुत कठिन फैसला लिया है। मैं दिल्ली कैपिटल्स और उनके समर्थकों से बिना शर्त माफी मांगता हूं। मुझे क्रिकेट बहुत पसंद है। जब से मैं छोटा था, मैंने अपने देश के लिए खेलने का सपना देखा है और मैं इस स्तर पर अपने पसंदीदा खेल को खेलने का अवसर पाकर बहुत आभारी हूं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों पर मैं भरोसा करता हूँ, उनके मार्गदर्शन में मैंने इस निर्णय पर गंभीरता से विचार करने के लिए समय निकाला है।

## सीडब्ल्यूजी महासंघ का नाम बदलकर राष्ट्रमंडल खेल कर दिया गया

**लंदन,** 10 मार्च (एजेंसियां)। राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) ने 'मोर इन कॉमन' ब्रांड अभियान के तहत अपना नाम बदलकर राष्ट्रमंडल खेल कर लिया है। यह घोषणा राष्ट्रमंडल दिवस के अवसर पर की गई, जो मार्च के दूसरे सोमवार को राष्ट्रमंडल देशों का वार्षिक उत्सव है। शासी निकाय ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रमंडल दिवस वह तिथि भी है जब हम खेल महासंघ से खेल आंदोलन में परिवर्तित होते हैं, राष्ट्रमंडल खेल हमारा सार्वजनिक नाम बन जाता है। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट की सीईओ कैटी सैडलेयर ने कहा कि कॉमनवेल्थ स्पोर्ट के रूप में एक आंदोलन के रूप में विकास हमें एक मजबूत, अधिक एकीकृत उद्देश्य प्रदर्शित करने की अनुमति देता है जो हमारे दर्शकों के साथ गहरे स्तर पर प्रतिध्वनित होता है। यह हमें न केवल कॉमनवेल्थ गेम्स के शक्तिशाली मंच को वितरित करने की हमारी भूमिका को और अधिक स्पष्ट रूप से संप्रेषित करने में मदद करेगा - जो हमें सफलता साझा करने और प्रेरणा को प्रभाव में बदलने की अनुमति देता है - बल्कि हमारे 74 देशों और क्षेत्रों में हर दिन होने वाले असाधारण काम को बढ़ावा देने में भी मदद करेगा। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन अधिक सहयोग, अधिक प्रभावशाली संदेश और हमारे उद्देश्य से जुड़ने वालों के लिए एक प्रवर्धित भावना को सक्षम बनाता है, उन्होंने कहा। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट लोगो अपने उत्सव चिह्न के साथ कुछ समय से उपयोग में है। तीन रंगीन वी आकार हमारे तीन मूल्यों, मानवता, समानता और भाग्य का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो अफ्रीका, अमेरिका, एशिया, कैरिबियन, यूरोप और ओसनिया के हमारे छह क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हुए छह बिंदुओं तक बढ़ते हैं, जो हमारी संस्कृतियों की समृद्ध विविधता को दर्शाते हैं, जो खेल की शक्ति के माध्यम से एक साथ आते हैं।

## बीसीसीआई ने डब्ल्यूपीएल समिति में देसाई और खन्ना को किया शामिल

**मुंबई,** 10 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आठ सदस्यीय महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) समिति में बदलाव करते हुए रोहन गौंस देसाई और दिलशेर खन्ना को इसमें शामिल किया है। बीसीसीआई ने देसाई को नवनिर्वाचित मानद संयुक्त सचिव के रूप में डब्ल्यूपीएल समिति में शामिल किया हैं। इस बीच, खन्ना को प्रभतेज भाटिया के स्थान पर पैनल में नामित किया गया है। यह बदलाव प्रभतेज भाटिया के बीसीसीआई के मानद कोषाध्यक्ष चुने जाने के बाद हुआ है। वह पहले डब्ल्यूपीएल समिति के सदस्य थे। अन्य प्रमुख सदस्यों में आईपीएल अध्यक्ष अरुण सिंह धूमल, बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, मानद कोषाध्यक्ष प्रभतेज भाटिया और मानद संयुक्त सचिव देसाई शामिल हैं।

## पाकिस्तान ने पैसे खर्च किए, स्टेडियम बनाए, लेकिन टीम पर ध्यान नहीं दिया: कनेरिया

**नई दिल्ली,** 10 मार्च (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर दानिश कनेरिया ने चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खराब प्रदर्शन के बाद उसकी मुख्य खामियों को उजागर किया है। चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान की टीम मेजबान थी और टूर्नामेंट से बाहर होने वाली पहली टीम बन गई थी। उन्होंने कहा कि पीसीबी ने इस बड़े आयोजन की मेजबानी पर बहुत पैसा खर्च किया, लेकिन टीम और उसकी तैयारियों पर ध्यान नहीं दिया। जब भारत ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया, तो पाकिस्तान की इस आयोजन के फाइनल की मेजबानी करने की उम्मीदें धराशायी हो गईं, जिसकी मेजबानी वह कर रहा था। पाकिस्तान और आईसीसी द्वारा तय हाइब्रिड फॉर्मूले के अनुसार, फाइनल लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम के बजाय दुबई में खेला गया। कनेरिया ने उन बातों को भी खारिज कर दिया, जिनमें कहा गया था कि भारत को फाइनल सहित अपने सभी मैच दुबई में खेलने का फायदा होगा और कहा कि ऐसी बातें समझ से परे हैं। सेमीफाइनल में जीत के बाद, भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने भी आलोचकों की आलोचना की थी, जिन्होंने दावा किया था कि भारत को चैंपियंस ट्रॉफी के सभी मैच एक ही स्थान पर खेलने के कारण 'अनुचित लाभ' मिला है और 'हमेशा शिकायत करने वालों' को 'बड़े हो जाने' के लिए कहा था। अगले दो या तीन दिनों तक इस बारे में चर्चा होगी कि कैसे पाकिस्तान मेजबान था और भारत ने ट्रॉफी जीती। पाकिस्तान में कई लोग इस बारे में बात कर रहे थे कि कैसे भारत को फायदा हुआ। मुझे समझ में नहीं आता कि ऐसी बातें कैसे कही जा सकती हैं... (दुबई) यह भारत का घरेलू मैदान नहीं था। यह पाकिस्तान का घरेलू मैदान हुआ करता था। कनेरिया ने आईएएनएस को बताया कि मुझे नहीं लगता कि भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी से पहले दुबई में मैच खेले हैं। यही सवाल एक पाकिस्तानी पत्रकार ने गौतम गंभीर से पूछा था, और उन्होंने बहुत सटीक और तीखा जवाब दिया।



■ मुझे नहीं लगता कि भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी से पहले दुबई में मैच खेले हैं : कनेरिया

## भारत की शानदान जीत की खुशी को लेकर झूमे सितारे

**मुंबई,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट टीम ने दुबई में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराते हुए आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी को अपने नाम कर लिया। टीम इंडिया की बड़ी जीत पर फिल्म जगत के सितारों की खुशी देखने लायक थी। वरुण धवन, अमिताभ बच्चन, अनुपम खेर, रामचरण, नेहा धूपिया समेत अन्य सितारों ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर देश को जीत की बधाई दी। भारत की जीत पर अभिनेता वरुण धवन, नेहा धूपिया, सुनील शेट्टी, विवेक ओबेरॉय, अजय देवगन, आफताब शिवदसानी, अनुपम खेर, अमिताभ बच्चन, राम चरण, ममूटी समेत पूरी फिल्म इंडस्ट्री जश्न में डूबी नजर आई। अभिनेता और क्रिकेटर केएल राहुल के ससुर सुनील शेट्टी ने जीत की खुशी शेयर करते हुए इंस्टाग्राम पर दो पोस्ट शेयर किए। टीम इंडिया की एक तस्वीर के साथ पहली उन्होंने लिखा, एक बार फिर चैंपियन! धैर्य, जुनून और उत्साह के साथ टीम इंडिया ने क्या शानदार प्रदर्शन किया। पूरी टीम ने शानदार प्रयास किया, हर खिलाड़ी ने तब आगे बढ़कर काम किया जब इसकी जरूरत थी। बधाई हो, चैंपियंस! सुनील ने अपने दामाद केएल राहुल की भी एक तस्वीर शेयर की। उन्होंने लिखा, भारत की विश, राहुल की कमांड। वहीं, अभिनेता आफताब शिवदसानी मैच देखने स्टेडियम पहुंचे। उन्होंने भारत-पाक मैच का जिक्र करते हुए लिखा, एक नया दिन, वही तस्वीरें, वही रिजल्ट। इस अद्भुत खेल को देखकर रोमांचित हूं। अभिनेता अजय देवगन ने एक्स हैंडल पर 'कभी खुशी कभी गम' से काजोल वाले एक सीन के 'हम जीत गए' वीडियो को शेयर करते हुए लिखा, हमारे घर में आज भी यही माहौल है...।



■ सुनील ने अपने दामाद केएल राहुल की भी एक तस्वीर शेयर की। उन्होंने लिखा, भारत की विश, राहुल की कमांड

### 'शानदार, दमदार', चैम्पियंस ट्रॉफी जीत पर गौतम अदाणी ने की टीम इंडिया की सराहना

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब अपने नाम कर लिया है। टीम इंडिया ने रोहित शर्मा और गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में बिना कोई मैच गंवाए जबरदस्त प्रदर्शन किया। यह कुछ ही महीनों के अंतराल पर कप्तान रोहित शर्मा की लगातार दूसरी आईसीसी ट्रॉफी है और हेड कोच गौतम गंभीर की पहली आईसीसी ट्रॉफी है। भारत की बड़ी जीत के बाद अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने टीम इंडिया की सराहना की। अदाणी ग्रुप के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में टीम इंडिया की जीत के बाद गर्व और खुशी जाहिर करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया। इस रोमांचक मुकाबले में भारत ने दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया। गौतम अदाणी ने अपने पोस्ट में लिखा - 'शानदार, दमदार, बेहतरीन, विजयी! भारत ने बाजी मार ली! अदाणी ग्रुप के आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट से भी इस जीत का जश्न मनाते हुए लिखा गया-बधाई हो, टीम इंडिया! एक बार फिर चैंपियन बनने पर गर्व है। फाइनल मुकाबले में भारत को जीत के लिए 252 रन बनाने थे। दुबई की धीमी और टर्न लेने वाली पिच पर भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी रही। कप्तान रोहित शर्मा ने आक्रामक अंदाज में रन बनाए, जबकि शुभमन गिल ने संभलकर खेलते हुए उनका साथ दिया।

## पाकिस्तान को चैम्पियंस ट्रॉफी की मेजबानी पर बहुत गर्व है : मोहसिन नकवी

**नई दिल्ली,** 10 मार्च (एजेंसियां)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने सोमवार को देश में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की सफल मेजबानी के लिए अपनी टीम को धन्यवाद दिया और इसे 'दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसकों के लिए ऐतिहासिक घटना' करार दिया। रविवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में फाइनल में भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से हरा दिया, जिसके साथ ही आठ टीमों की प्रतियोगिता, जिसकी आधिकारिक मेजबानी पाकिस्तान ने की थी, समाप्त हो गई। हालांकि, भारत ने पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया और अपने सभी मैच दुबई में खेले। यह पाकिस्तान का पहला बड़ा आईसीसी टूर्नामेंट था, इससे पहले उसने 1996 में भारत और श्रीलंका के साथ वनडे विश्व कप की सह-मेजबानी की थी। नकवी ने सोमवार को एक्स पर लिखा कि मैं समर्पित पीसीबी टीम, सतर्क कानून प्रवर्तन एजेंसियों, सहायक प्रांतीय सरकारों, सम्मानित आईसीसी अधिकारियों और चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने वाली शानदार क्रिकेट टीमों के प्रति अपना हार्दिक आभार व्यक्त करना चाहता हूं।

आपकी प्रतिबद्धता और सामूहिक प्रयासों ने इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के निर्बाध निष्पादन को सुनिश्चित किया, जिससे यह एक शानदार सफलता बन गई। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इस वैश्विक तमाशे की मेजबानी करने में बहुत गर्व महसूस करता है और आपके योगदान ने वास्तव में इसे दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसकों के लिए एक ऐतिहासिक आयोजन बना दिया है।



■ क्रिकेट प्रशंसकों के लिए ऐतिहासिक घटना' करार दिया

# फर्जी कॉल सेंटर के मामले में फरार मुईन खान के क्रेशर पर बड़ी कार्रवाई, लगा 25 करोड़ का जुर्माना

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** भोपाल में फर्जी कॉल सेंटर मामले के फरार आरोपी मुईन खान के क्रेशर पर बड़ी कार्रवाई हुई है। खनिज विभाग ने नियमों के उल्लंघन पर करीब 25 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। गौरतलब है कि एसडीएम संजय दुबे ने शनिवार को खनिज अधिकारी और राजस्व टीम के साथ लक्ष्मी स्टोन क्रेशर की जांच की। जांच में पाया गया कि स्वीकृत क्षेत्र से बाहर खनन किया जा रहा था।

मुईन खान, मुख्य आरोपी अफजल खान का साला है। उस पर आरोप है कि उसने अफजल की अवैध कमाई को टीकमगढ़ में प्रॉपर्टी और क्रेशर में लगाया। छापेमारी के दौरान गिट्टी का परिवहन करते 3 डंपर जब्त किए गए थे।

सहायक खनिज अधिकारी कुलदीप जैन के अनुसार, अधिक क्षेत्रफल में खुदाई के लिए 23 करोड़ का जुर्माना लगाया गया है। क्रेशर में गिट्टी और डस्ट के अवैध भंडारण के लिए अतिरिक्त डेढ़ करोड़ का जुर्माना लगाया गया है। यह कार्रवाई लक्ष्मी स्टोन क्रेशर की लीज समाप्त होने की शिकायत के बाद की गई हैं। दिन प्रतिदिन मामले में फरार मुईन खान की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। इधर जिला प्रशासन उनके प्रतिष्ठानों को चिह्नित कर शिकंजा कस रहा हैं।

### पार्टी ने रद्द की सदस्यता

प्रदेश की सुर्खियां बटोर रहे इस मामले में जैसे ही बीजेपी नेता मुईन खान का नाम आया तो तत्काल ही पार्टी जिला अध्यक्ष सरोज राजपूत ने मुईन की सदस्यता रद्द कर, बाहर का रास्ता दिखा दिया था।



# अनाज बेचने का पैसा नहीं दिया तो कर लिया अपहरण




**टीकमगढ़,देशबन्धु।** जिले के देरी गांव में पिता और दो पुत्रों के अपहरण मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया और अपहृतों को सकुशल छुड़ाया। अपहरण की वजह उधारी का विवाद था। आरोपियों के पास से दो मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन बरामद किया गया। देरी पुलिस चौकी प्रभारी चंदन शाक्य ने जानकारी देते हुए बताया कि 8 मार्च को गांव की रहने वाली सियाबाई 50 पत्नी बच्चालाल तिवारी ने पुलिस चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके पति बच्चालाल तिवारी और पुत्र कैलाश व आशीष का बस स्टैंड देरी से कुछ अज्ञात लोगों ने मारपीट कर अपहरण कर लिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत अपहरण का मामला दर्ज किया गया और पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई को इसकी सूचना दी गई।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष टीम गठित की गई, जिसकी जिम्मेदारी देरी चौकी प्रभारी चंदन शाक्य को सौंपी गई। साइबर सेल की मदद से छतरपुर जिले के गढ़ी मलहरा क्षेत्र में दबिश दी गई और अपहृतों को बरामद कर लिया गया। साथ ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से दो मोटरसाइकिल जब्त की गईं।पुलिस जांच में पता चला कि आरोपियों को अपहृतों से अनाज बेचने के पैसे लेने थे। इसी विवाद के चलते आरोपियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर अपहरण की साजिश रची और देरी गांव पहुंचकर तीनों को बुलाकर बाइक पर बैठाकर अपहरण कर लिया।देरी चौकी प्रभारी चंदन शाक्य ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी छतरपुर जिले के गढ़ी मलहरा के रहने वाले हैं। सिंघराज 27 वर्ष, काशी प्रसाद 51 वर्ष, देशराज पाल 22 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है। इन आरोपियों ने 8 मार्च को दोपहर में देरी गांव से बच्चा लाल तिवारी और उनके दोनों बेटों का अपहरण किया था। पुलिस ने तीनों को सकुशल छुड़ाकर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

## तेज रफ्तार बाइक की भिड़ंत में दंपती घायल

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले के श्यामपुर बड़ागांव धसान मार्ग पर रविवार की दोपहर को एक तेज रफ्तार बाइक ने दूसरी बाइक में सामने टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक पर सवार पति पत्नी घायल हो गए। टक्कर मारकर चालक बाइक को लेकर मौके से भाग गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर 108 एंबुलेंस द्वारा घायलों को जिला अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया। जहां घायलों का इलाज किया जा रहा है। 108 एंबुलेंस के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सुरेंद्र गंगवार ने बताया है कि जिले के श्यामपुर बड़ागांव धसान मार्ग पर रविवार की दोपहर करीब एक बजे एक तेज रफ्तार बाइक ने सामने से दूसरी बाइक में टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक पर सवार रामसेवक लोधी 44 साल व उनकी पत्नी कलावती लोधी 42 साल निवासी नगाड़ा घायल हो गई। टक्कर मारकर चालक बाइक को मौके से लेकर भाग गया।



स्थानीय लोगों की सूचना पर पायलेट हरिशंकर तिवारी 108 एंबुलेंस लेकर मौके पर पहुंच गए। एंबुलेंस के ईएमटी प्रहलाद सिंह राजपूत ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया और एंबुलेंस से घायलों को जिला अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया। अस्पताल में इन सभी घायलों का उपचार किया जा रहा है।

## खाली बोरियों से भरे ट्रक में लगी भीषण आग, कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** देहात थाना क्षेत्र के अनंतपुरा के पास बड़ा हादसा टल गया। सरकारी गोदाम में खाली बोरियां का बारदाना ले जा रहा एक ट्रक सड़क के ऊपर से निकले बिजली के तारों की चपेट में आ गया। इस दौरान ट्रक में अचानक आग लग गई।ट्रक का ड्राइवर गाड़ी को बस्ती से दूर मैदान में ले गया। उसकी सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया।



ट्रक में आग लगने के बाद भी ड्राइवर ने धैर्य नहीं खोया और वाहन को सुरक्षित स्थान तक ले गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत आग बुझाने का प्रयास शुरू किया।घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड को रवाना कर दिया गया। स्थानीय देवेंद्र यादव ने बताया कि अनंतपुरा के पास सड़क के ऊपर से निकले बिजली के तार काफी नीचे झुक गए हैं। ट्रक में क्षमता से अधिक खाली बोरियां भरी थीं। जैसे ही ट्रक तारों के नीचे से निकला तो शॉर्ट सर्किट से खाली बोरियों में आग लग गई। इस दौरान ट्रक चालक वाहन को बस्ती से दूर ले गया। आसपास के लोग तुरंत आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। इस दौरान कुछ लोगों ने दमकल टीम को सूचना दे दी। फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची है और आग बुझाने के प्रयास में जुट गई बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

## जलभराव से निपटने नपा करा रही बड़े नालों की सफाई



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** नगर पालिका ने बारीघाट फिल्टर प्लांट की सफाई के बाद शहर के बड़े नालों की सफाई अभियान प्रारंभ किया है। सोमवार को कलेक्ट्रेट रोड स्थित रेलवे पुल के पास नाले की सफाई जेसीबी मशीन से की गई। शहर के अधिकांश नालों पर अवैध अतिक्रमण की स्थिति है। कहीं दुकानें बनी हैं तो कहीं मकान। इस कारण बरसात के पानी की निकासी प्रभावित हो रही है। पिछले दो वर्षों से शहरवासियों को जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

नगर पालिका के सीएमओ ओमपाल सिंह ने कहा कि सभी बड़े नालों और नालियों की सफाई कराई जाएगी। साथ ही अवैध कब्जों को भी हटाया जाएगा। ईदगाह के नाले की स्थिति सबसे चिंताजनक है। यहां अतिक्रमण के कारण नाले का स्वरूप ही बदल गया है। इसका सीधा असर नंदीश्वर कॉलोनी पर पड़ता है, जहां बरसात में सबसे अधिक जलभराव होता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि लंबे समय बाद नगर पालिका ने नालों की सफाई पर ध्यान दिया है।

## नशे में उपद्रव करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** आगामी त्योहारों को देखते हुए सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में शांति समिति की बैठक हुई। इसमें शाम 4 बजे सभी समुदायों के प्रतिनिधि शामिल हुए।इस दौरान सबसे बड़ा मुद्दा होली के दौरान अवैध शराब की बिक्री का रहा। बैठक में मौजूद हुए लोगों ने बताया कि होली पर शराब की दुकानें बंद रहने के बावजूद अवैध शराब की बिक्री होती है। इससे नशे में धुत लोग उपद्रव करते हैं।मुस्लिम समाज के सदर अब्दुल रज्जाक ने आगामी ईद को लेकर ईदगाह और मस्जिदों के आसपास साफ-सफाई और पानी की व्यवस्था की मांग रखी। कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने दोनों समुदायों से आपसी सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की।एसपी मनोहर मंडलोई ने होली पर नशे में उपद्रव करने वालों पर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, एएसपी सीताराम ससत्या, एसडीएम संजय दुबे, सीएमओ ओमपाल सिंह, अभिषेक खरे, एसडीओपी राहुल कटरे और कोतवाली थाना प्रभारी पंकज शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## माधवराव सिंधिया की जयंती मनाई

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व माधवराव सिंधिया की 80 वीं जयंती के अवसर पर सोमवार को विश्रामगृह स्थित सिंधिया पार्क में उनकी प्रतिमा पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पांजलि समारोह का आयोजन किया गया। पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय सिंधिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए ।समारोह में मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री राहुल सिंह लोधी ने सर्वप्रथम प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण किया तत्पश्चात संस्मरण सुनाते हुए कहा कि स्वर्गीय माधवराव सिंधिया देश के प्रथम पंक्ति के राजनेता थे उन्होंने प्रदेश और देश के विकास में जो योगदान दिया है उसको सदैव याद रखा जाएगा और हम सभी को उनके पद चिन्हों पर चलना चाहिए, सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा ने कहा कि स्वर्गीय माधवराव सिंधिया ने जन सेवा के लिए जीवन समर्पित किया है।

कार्यक्रम संयोजक विकास यादव ने कहा कि स्वर्गीय माधवराव सिंधिया का नाम देश की राजनीति में बड़े ही आदर और सम्मान के साथ लिया जाता है राजनीति उनके लिए जन सेवा का एक माध्यम मात्र रही है। कार्यक्रम में पार्षद ब्रजकिशोर तिवारी, अंकित तोमर, वरिष्ठ नेता रविंद्र श्रीवास्तव, शक्ति सिंह राय , स्वप्निल तिवारी, नरेश तिवारी, रोहित बैसाखिया, श्रीमती मीरा खरे, सुमित उपाध्याय, मनीराम कठेल, गौरव उपाध्याय, आदित्य योगी, जितेंद्र यादव, उत्कृष्ट श्रीधर, ऋषि यादव, गुलशन यादव, संस्कार रजक हिमांशु तिवारी विनय यादव, आकाश यादव, प्रियंक यादव, आकाश नायक सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वंशकार समाज ने धरना-प्रदर्शन कर कलेक्टर को दिया ज्ञापन

### तहसीलदार को निलंबित कर एफआईआर दर्ज कराने की मांग



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** बल्देवगढ़ तहसीलदार को निलंबित कर एफआईआर दर्ज कराने की मांग को लेकर वंशकार समाज ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया और कलेक्टर के नाम मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया है। इसके पहले बल्देवगढ़ थाना पुलिस और एसपी को शिकायत दी गई है। अगर तहसीलदार पर कार्रवाई नहीं की गई तो समाज द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। वहीं लुहर्रा निवासी धरमकुंवर पति पूरन सिंह ठाकुर ने कलेक्टर से शिकायत की है। सोमवार को रमेश, रज्जू वंशकार, राजाराम वंशकार, मातादीन बंशकर,एडवोकेट दीपक बंशकर,रामचरण माते, कच्चू वंशकार, सुरेंद्र वंशकार कुडीला, राजू भेलसी, अवधविहारी, रविकांत चौधरी, आकाश, विनोद वंशकार, रामचरण, रामकुंवर, रामा वंशकार के साथ अन्य ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को दिए ज्ञापन में कहा कि 6 मार्च को बल्देवगढ़ तहसील न्यायालय में पेशी करने के लिए गया था। तहसीलदार द्वारा गवाही ली जा रही थी, जिसमें अतिक्रमणाकारियों के झूठे बयान दर्ज किए जा रहे है। जिस पर आपत्ति जताई, इसी बात को लेकर तहसीलदार नाराज हो गए और कुर्सी से उठकर जातिसूचक शब्दों, गाली गलौज के साथ रमेश और रज्जू वंशकार के साथ मारपीट कर दी। बल्देवगढ़ थाना में बंद कराने की धमकी देने लगे। थाना में शिकायत लेकर पहुंचे तो थाना प्रभारी ने यह कह कर भगा दिया कि वह हम से बड़े अधिकारी है कार्रवाई नहीं कर सकते है। 7 मार्च को कलेक्टर और एसपी को जानकारी दी गई, लेकिन मामले में कार्रवाई नहीं की गई। 10 मार्च सोमवार की सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रैट के सामने धरना प्रदर्शन किया और बल्देवगढ़ तहसीलदार अरविंद्र यादव को निलंबित कर एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर के प्रतिनिधि टीकमगढ़ एसडीएम संजय दुबे को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि अगर तहसीलदार के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई उग्र आंदोलन किया जाएगा।

**9 मार्च को शिकायत वापस कराने का बनाया गया दबावः** लुहर्रा निवासी रमेश और रज्जू वंशकार ने बताया कि तहसीलदार के खिलाफ पुलिस और कलेक्टर से शिकायत करने पहुंचे थे। वह शिकायत वापस लेने के लिए तहसीलदार के समर्थकों द्वारा दबाव बनाया गया। इसके साथ ही धमकी दी गई। पीड़ित और उनके परिवार का कहना था कि जिला प्रशासन द्वारा बल्देवगढ़ तहसीलदार अरविंद्र यादव पर कार्रवाई नहीं की जाती है तो आमरण अनशन किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

## राशन विक्रेताओं के द्वारा वितरण में की जा रही भारी गड़बड़ी, कार्रवाई करने से कतरा रहे अधिकारी

बल्देवगढ़, देशबन्धु। नगर एवं जनपद पंचायत क्षेत्र में देखा जा रहा है कि राशन विक्रेताओं के द्वारा राशन वितरण में भारी गड़बड़ी की जा रही है, लेकिन अधिकारी सिर्फ जांच के नाम पर पल्ला झाड़ लेते हैं। इसके बाद उक्त जांच का कोई पता ही नहीं चलता। खाद्य अधिकारी सेल्समैन से मिली भगत कर गरीबों का राशन डकार रहे हैं राशन विक्रेताओं पर कार्यवाही न होने से भारी भ्रष्टाचार किया जा रहा है । बीते दिन तालमऊ, सेवार गांव से भारी संख्या में हितग्राही तहसील और एसडीएम कार्यालय में पहुंचे थे, जहां पर उन्होंने सेल्समेन पर 3 माह का राशन न देने का आरोप लगाया था और कार्यालय में नारेबाजी कर सेल्समैन पर कार्यवाही करने की मांग की थी।

इसके बाद सोमवार को फिर एक और मामला सामने आया है, जिसमें बल्देवगढ़ नगर के वार्ड क्रमांक 9 में स्थित स्व. कुशा भाऊ ठाकरे शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर देखा गया।जिसमें हितग्राहियों को राशन वितरण समय पर नहीं किया जाता तो वही दूसरी ओर राशन कम तोला जा रहा है।

सोमवार को जैसे ही हितग्राही राशन लेने पहुंचे तो सेल्समैन के द्वारा निर्धारित मात्रा से कम खाद्यान्न दिया गया और तौल में गड़बड़ी की गई ।

हितग्राही पार्वती रैकवार एवं रूपा रैकवार निवासी बम्होरी तिगैला बल्देवगढ़ के द्वारा बताया गया कि उन्हें हर महीने सेल्समैन के द्वारा राशन में कटौती की जाती है। 500 ग्राम से 1 किलोग्राम तक कम राशन दिया जाता है। जब कमतौल की बात सेल्समैन से कही जाती है तो उनके द्वारा धमकी दी जाती है कि यदि किसी प्रकार की शिकायत हुई तो अगले महीने से राशन बंद हो जाएगा बताया जाता है ।




उक्त शासकीय उचित मूल्य की दुकान के सेल्समैन अर्पण जैन की जिले में राजनीतिक पकड़ अच्छी मानी जाती है। साथ ही अधिकारी कर्मचारियों से सांठ गांठ के साथ ही राजनेताओं से अच्छी पकड़ होने के कारण इन पर अधिकारियों का संरक्षण रहता है । पार्वती रैकवार एवं रूपा रैकवार निवासी बम्होरी तिगैला बल्देवगढ़ के द्वारा जब अपना राशन बगल में ही दूसरी जगह कांटे पर सहायक विक्रेता संतोष यादव के समक्ष ही तौल कराई गई तो तौल में कटौती देखी गई मौके पर मौजूद लोगों के द्वारा बताया गया कि राशन दुकान पर रखे हुए इलेक्ट्रिक कांटे में गड़बड़ी किए रहते हैं ।जिस कारण से उक्त इलेक्ट्रिक कांटे में तो सही दिखाई देता है और अन्य जगह वही राशन तौला जाता है तो कम निकलता है ।आश्चर्य की बात तो यह है कि कभी भी खाद्य विभाग के अधिकारियों के द्वारा उनके इलेक्ट्रिक नापतोल मशीन कांटे की जांच नहीं कराई जाती है। जिससे खाद्य विभाग के अधिकारियों मिली भगत सिद्ध होती है हितग्राहियों के द्वारा राशन विक्रेताओं पर कार्यवाही की मांग की गई है ।इस संबंध में खाद्य विभाग अधिकारी पंकज करोरिया के द्वारा बताया गया कि उक्त मामले की जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी।

## नर्मदा नियरे

### सार-समाचार

## सावित्री फुले की पुण्यतिथि पर नागले दम्पति ने किया रक्तदान



**बैतूल, देशबन्धु।** अजास संगठन द्वारा प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि के अवसर पर जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। अजास सचिव पंकज डोंगरे ने बताया कि ब्लड बैंक केंद्र में पहुंचकर वर्षा लीलाधर नागले दम्पति ने रक्तदान किया।

अजास संगठन के सचिव पंकज डोंगरे ने बताया कि अनुसूचित जाति सामाजिक जन कल्याण अजास संगठन द्वारा 2021 से निरन्तर सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आयोजित किया जाता आ रहा है। अजास संगठन के जिला अध्यक्ष लीलाधर नागले ने बताया कि विगत कई वर्षों से सावित्री फुले के ऐतिहासिक, अविस्मरणीय, अतुलनीय योगदान के लिये देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न सम्मान की लगातार मांग कर रहे हैं। देश की आधी आबादी को सशक्त बनाने में विशेष कर नारी सशक्तिकरण में सावित्रीबाई फुले की मुख्य भूमिका है जिनकी बदौलत भारत की बेटियां, नारी शक्ति विश्व पटल पर अपना परचम लहरा रही हैं वर्षा नागले ने बताया कि उन्होंने कभी भी रक्तदान नहीं किया था लेकिन अपने पति लीलाधर नागले के सामाजिक कार्यों को देखते हुए मेरे मन में विचार आया कि क्यों न हम ऐसी सकारात्मक शुरुआत करें जिससे लोगों को जीवनदान मिले और तब से हमारे द्वारा 2021 से लगातार रक्तदान करते हुए देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री फुले के सम्मान के लिए भारत रत्न सम्मान की मांग को आगे बढ़ाने में सहभागिता की जा रही है। इस अवसर पर संगठन के सामाजिक कार्यकर्ता और जिला चिकित्सालय बैतूल का स्टाफ़ मौजूद रहा। सभी ने नागले दम्पति को ब्लड डोनेट करने और अजास संगठन द्वारा चलाई जा रही मुहिम की प्रशंसा की।

## रमज़ान में सेहरी पहुंचाकर निभा रहे इंसानियत का फर्ज



**बैतूल, देशबन्धु।** रमज़ान के मुबारक महीने में %आवाज़ दो हम ज़िन्दा हैं% ग्रुप ने जरूरतमंदों तक सेहरी पहुंचाने की नेक पहल शुरू की है। इसकी शुरुआत रमज़ान के पहले दिन से हुई थी और सोमवार को इस पहल का नौवां दिन रहा। इस ग्रुप के युवा रातभर जागकर मेहनत से सेहरी तैयार कर बैतूल शहर के विभिन्न इलाकों में जरूरतमंदों और रोज़ा रखने वाले स्टूडेंट्स तक सेहरी पहुंचा रहे हैं। ग्रुप के सदस्यों ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य उन लोगों तक सेहरी पहुंचाना है, जो किसी वजह से सेहरी नहीं जुटा पाते या मुसाफिर होते हैं। इस पहल में ग्रुप के सभी सदस्य रातभर मेहनत कर भोजन का प्रबंधन करते हैं और फिर उसे जरूरतमंदों तक पहुंचाते हैं। ग्रुप का उद्देश्य हर जरूरतमंद तक समय पर सेहरी पहुंचाना है, ताकि रमज़ान के पाक महीने में उनका रोज़ा आराम से हो सके।

## मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बने भोजराज गुजरे



**बैतूल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ का चुनाव तिवरखेड में संपन्न हुआ। इस निर्वाचन प्रक्रिया में मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के संयोजक सचिन राय, भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री पंजाब गायकवाड़ एवं पर्यवेक्षक साहेब राव चिल्हाटे की उपस्थिति रही। चुनाव में भोजराज गुजरे को अध्यक्ष, मंगेश धुर्वे को सचिव और रमेश खांडवे को कोषाध्यक्ष निर्विरोध चुना गया। इसके अलावा, उपाध्यक्ष पद पर ओमप्रकाश वर्मा, अशोक घोडकी और झाड़े (राजस्व विभाग) को निर्वाचित किया गया। सह-सचिव के रूप में लालचंद झरबड़े, संगठन मंत्री के रूप में रमेश खाड़े और सदस्य के रूप में जगदीश हुरमाडे, रविशंकर वरकड़े, हरिराम चरपे समेत अन्य पदाधिकारी निर्वाचित हुए। इस अवसर पर आदर्श राज्य शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष राजेंद्र कटारे, पुरानी पेंशन अभियान के जिला अध्यक्ष रवि सरनेकर, बीआरसी मुलताई आशीष शर्मा, बीआरसीसी प्रभात पट्टन शंकर लाल खपरिया, मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुनील घोरमाडे, सदस्य अनिल कापसे, राजेंद्र देशमुख, राजू सरिया, लीलाधर खातरकर, लीलाधर देशमुख, अशोक सुहाग पूरे, रमेश ठाकरे सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मोक्षधाम में फांसी लगाकर कि आत्महत्या



**सावलमेंढ, देशबन्धु।** सावलमेंढा निवासी 57 वर्षीय बाबू उर्फ राजा पिता कृष्णा धाड़से ने आज सुबह पूर्णा नदी के किनारे स्थित मोक्षधाम में बने टिन शेड में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सुबह शौच के लिए जा रहे ग्राम के ही युवक ने देखा तो मृतक के परिजनों को सूचित किया। परिजनों द्वारा बताया गया कि पिछले कुछ सालों से मृतक मानसिक विक्षिप्त हो गया था, रात्रि में घर मे ही था अलसुबह ही घर से निकला था। परिवार में दो पुत्र है, पत्नी बहुत पहले ही छोड़कर जा चुकी है। पुलिस द्वारा बताया गया कि पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया है। मर्ग कायम कर मामले कि जांच कि जा रही है।

### अधिवक्ता संघ ने किया महिला सशक्तिकरण संवाद एवं सम्मान समारोह का आयोजन

# सम्मान पाकर अभिभूत हो गई सफाई कर्मचारी पिंकी

**आमला, देशबन्धु।** अधिवक्ता संघ आमला द्वारा न्यायालय परिसर में महिला सशक्तिकरण संवाद एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया। समारोह में नगर पालिका में सफाई करने वाली श्रीमती पिंकी को नगर पालिका में सर्वश्रेष्ठ साफ सफाई कार्य के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर पिंकी अभिभूत हो गई। उन्होंने बताया कि पति की मृत्यु के बाद उनका बच्चा मंद बुद्धि है, वह जब भी काम करने जाती हैं, उनका बच्चा घर से कहीं भी चला जाता है। उनका अधिकांश समय उसे पुत्र को ढूंढने में लग जाता है। माता-पिता, सास- ससुर पति का देहांत हो गया है। अत्यधिक विषम परिस्थितियों में ड्यूटी करना और बच्चे को संभालना मुश्किल होता है।

कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश बैतूल दिनेश थपडियाल ने कहा कि महिलाए अब किसी भी क्षेत्र में पीछे नही है मातृ शक्ति लगातार आगे बढ़ रही है, विशेषकर शिक्षा के क्षेत्र में। शिक्षा विभाग में 60 प्रतिशत से अधिक महिला शिक्षिकाए है। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका में भी महिलाए आगे बढ़ रही है, अब 60 से 70 प्रतिशत न्यायाधीश महिला बन के आ रही है। श्री थपडियाल ने मातृ शक्ति को नमन करते हुए कहा कि महिलाए अब फाईटर प्लेन भी चला रही है, हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। कार्यक्रम में महिलाओं का प्रतिनिधित्व करते हुए न्यायाधीश चारू व्यास ने कहा कि महिलाए यदि सफल है तो उसके पीछे पुरूषों का भी काफी सहयोग और संरक्षण रहता है। महिलाए हर क्षेत्र में काम कर रही है। कार्यक्रम को कुटंम्ब न्यायालय बैतूल के न्यायाधीश शिव बालक साहु, वायु सेना अफवा की अध्यक्ष सुजाता रेड्डी, स्टेट बार कांउसिल के चेयरमेन राजेश व्यास ने भी संबोधित किया।



कार्यक्रम में अपने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। आदिवासी क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं को उनके द्वारा महिला शिक्षा एवं महिलाओं के लिए रोजगार के लिए शिक्षा एवं उद्योग के क्षेत्र में समूह के माध्यम से मुर्गी बकरी पालन कर बच्चों को स्कूल भेजने के कारण और पढ़ाई करने के लिए जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। जनपद सदस्य धर्मरती सुखराम कुमरे, फुलवंती धुर्वे, अंजिरा इरपाचे तो वही दिव्यांग महिला ललीताबाई का हौसला बढाते हुए उन्हे भी कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाली महिलाओं तथा महिला अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में न्यायाधीश तपेश कुमार दुबे, अधिवक्ता संजय मिश्रा, राजकुमार मिश्रा, सी.एस.चंदेल, मारोती बारस्कर, न्यायाधीश महजबीन खान, मेडिकल ऑफिसर वायु सेना, शिवाली साधिका, तहसीलदार रिचा कौरव, अधिवक्ता संघ आमला के अध्यक्ष हीरामन नागपुरे, शिवम उपाध्याय कल्पेश माथनकर रवि देशमुख सुरेंद्र बारंगे सुरेंद्र खातरकर रवि शंकर पटवारी मधुकर महाजन सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता सतिश देशमुख ने किया तो आभार अधिवक्ता राजेन्द्र उपाध्याय ने माना।

## कलेक्टर ने शाहपुर तहसील के ग्रामों का किया औचक निरीक्षण



**बैतूल/ शाहपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने सोमवार को शाहपुर तहसील के ग्रामों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर पहावाड़ी ग्राम पंचायत भवन पहुंचे, जहां उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री के कार्य की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पंचायत भवन में उपस्थित किसानों से चर्चा भी की और उन्हें फार्मर रजिस्ट्री के महत्व, लाभों की जानकारी दी। उन्होंने किसानों से कहा कि फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों की भूमि संबंधी जानकारी एक जगह पर एकत्रित होकर सुरक्षित रहेगी। जिससे उन्हें शासन की कृषि संबंधित योजनाओं का लाभ निरंतर मिलते रहेगा। इस दौरान कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने एसडीएम, तहसीलदार और पटवारी को शिविर लगाकर लक्ष्य के विरूद्ध किसानों के फार्मर रजिस्ट्री बनाने के निर्देश दिए। श्री सूर्यवंशी ग्राम पहावाड़ी के शासकीय नवीन हाई स्कूल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्कूल के मध्याह्न भोजन कक्ष का अवलोकन किया और बच्चों को दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता? को देखा। भोजन की गुणवत्ता और उपलब्धता संतोषजनक नहीं पाए जाने माध्यमिक शिक्षक की एक वतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों से चर्चा कर अध्ययन कार्य और भोजन की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने प्राचार्य को गुणवत्तापूर्वक भोजन बच्चों को दिए जाने के निर्देश दिए। इसके अलावा लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई किए जाने के भी निर्देश दिए।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं का सम्मान

**बैतूल, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका एकता यूनियन (सीटू) के तत्वावधान में शिवाजी ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में सेवा निवृत्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डब्ल्यूसीएल पाथाखेड़ा से सेवा निवृत्त शिक्षिका मृणालीका दत्ता, अध्यक्षता सेवा निवृत्त यूनियन कार्यकारी अध्यक्ष सविता आर्य ने की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुनीता राजपाल, महासचिव पुष्पा वाईकर, उपाध्यक्ष आशा सुरजे, औषधि विक्रेता संघ के अध्यक्ष मंजित सिंह सहानी की धर्मपत्नी मिसेज सहानी और एमआर यूनियन के सचिव पंकज साहू की धर्मपत्नी जया साहू विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। इसके अलावा यूनियन की कोषाध्यक्ष संगीता कनाठे, सचिव सुनीता तिवारी, गीता मालवी, सोनम तायवाड़े, ललिता वर्मा सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सेवा निवृत्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं में सावित्री आर्य, शकुन आर्य, सुगरती आर्य, शिवकली बिसोने, रामकला, कांता कोसे, प्रेमता धुर्वे, प्रमिला निरापूरे, रामकली मर्सकोले, गोदिका डोंगरे, स्नेहा डोंगरे, सोना अमझरे आदि को शाल-श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सीटू यूनियन के जिला संयोजक कामरेड डी.के. दत्ता, डब्ल्यूसीएल पाथाखेड़ा लाल कोल माइंस के अध्यक्ष कामरेड जगदीश डिगरसे, एमआर यूनियन के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठौर सहित बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं उपस्थित रहीं।



## अख्तर हुसैन रिज़वी का इंतकाल



**बैतूल, देशबन्धु।** बैतूल निवासी और रजिस्ट्री कार्यालय के आदिल रिज़वी के बड़े भाई अख्तर हुसैन रिज़वी का सोमवार को हार्ट अटैक के कारण निधन हो गया। 66 वर्षीय अख्तर हुसैन रिज़वी रायपुर में रहते थे, जहां उन्होंने अपनी अंतिम सांस ली। उनके इंतकाल की खबर से बैतूल और रायपुर में शोक की लहर दौड़ गई। अख्तर हुसैन रिज़वी बैतूल के वरिष्ठ पत्रकार मुश्ताक हुसैन रिज़वी के भतीजे थे। उनका जनाजा कोठीबाजार कब्रिस्तान ले जाया गया, जहां नम आंखों से उन्हें सुपुर्द-ए-ख़ाक किया गया। उनके इंतकाल पर परिचितों ने गहरा दुख व्यक्त किया।

# संभागायुक्त ने ग्राम दौड़ी में चौपाल लगाकर सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

### पेयजल व्यवस्था दुरूस्त करने के दिए निर्देश, लापरवाही पाए जाने पर होगी कार्रवाई

**बैतूल/ शाहपुर, देशबन्धु।** संभागायुक्त के.जी. तिवारी ने सोमवार को बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के साथ शाहपुर तहसील के ग्राम दौड़ी पहुंचकर पेयजल सहित अन्य योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्राम में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं और समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान कई मामलों का त्वरित निराकरण भी किया गया।

संभागायुक्त श्री तिवारी ने ग्राम में उपलब्ध हैंडपंप और उनकी स्थिति के संबंध में ग्रामीणों से जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने ग्रामीणों से आंगनवाड़ी संचालन तथा राशन वितरण के संबंध में भी जानकारी ली। वहीं ग्रामीणों के समक्ष ही महिला एवं बाल विकास, खाद्य विभाग एवं विद्युत विभाग की भी समीक्षा की।



संभागायुक्त और कलेक्टर द्वारा ग्रामीणों के बीच चौपाल लगाए जाने का सकारात्मक प्रयास स्थानीय लोगों में चर्चा का विषय बना रहा। ग्रामीण जिला प्रशासन के इस प्रयास की सराहना करते नजर आए। ग्राम चौपाल में ग्रामीणों द्वारा पेयजल की समस्या बताने पर संभागायुक्त ने खराब हैंडपंपों की शीघ्र मरम्मत कराने तथा ऐसे हैंडपंप जिनसे गंदा पानी आ रहा है उन हैंडपंपों की पूरी लाईन चेंज कराने, पाईप लाईन बढ़ाने, प्लेटफॉर्म बनाने और वैकल्पिक उपाएं यथाशीघ्र कर पेयजल व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ग्रामीण क्षेत्रों का निरीक्षण कर पेयजल व्यवस्था के संबंध में उनसे बात करें और ग्रामीण क्षेत्रों की पेयजल व्यवस्था के संबंध में उन्हें अवगत कराएं। पानी को लेकर ग्रामीणों को परेशान न होना पड़े। ग्रीष्मकाल में पेयजल की समस्याओं का त्वरित निराकरण कराएं।

संभागायुक्त श्री तिवारी ने ग्रामीणों से आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास से जुड़ी योजनाओं का शासन की मंशानुसार प्रभावी ढंग से संचालन किया जाए। साथ ही शासन की मंशा से मैदानी अमलों को भी स्पष्ट रूप से अवगत कराए, ताकि किसी भी स्तर पर कोई कमी न रहे। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को प्रतिदिन अलर्ट रहने और सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त श्री तिवारी ने महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि निर्धारित कार्य दिवसों में कोई भी आंगनवाड़ी बंद न रहे। जिला समन्वयक से आंगनवाड़ी खुलने की जानकारी प्राप्त कर आंगनवाड़ियों की सतत मानिटरिंग करें। इस दौरान मैदानी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर सख्त? कार्रवाई की जाए। इसके अलावा जनसंख्या के अनुपात में 0 से 3 वर्ष के बच्चों और गर्भवती महिलाओं के पंजीयन कराने, उन्हें पुरक पोषण वितरित कराने सहित अन्य योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

संभागायुक्त श्री तिवारी ने ग्राम चौपाल में ग्रामीणों से राशन वितरण की भी जानकारी ली। इसके अलावा खाद्य विभाग की समीक्षा के दौरान उपार्जन की तैयारियों की जानकारी ली। साथ ही धान के भुगतान की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जिला आपूर्ति नियंत्रक को डीएफओ लागिन से स्टॉक सत्यापन की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण कराने, मोबाईल सीडिंग, ई-केवायसी, ई श्रम पोर्टल पर पंजीयन की कार्यवाही भी पूर्ण करने की हिदायत दी।

## आमची माती आमची संस्कृति महिला संगठन ने मनाया महिला दिवस

### नृत्य, गीत और नाट्य की दी प्रस्तुतियां

**बैतूल, देशबन्धु।** आमची माती आमची संस्कृति क्षत्रिय लोन्हारी कुनबी समाज महिला संगठन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का भव्य आयोजन 8 मार्च को कोठीबाजार स्थित हनुमान मंदिर के पास किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष पार्वतीबाई बारस्कर ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. प्रतिभा रघुवंशी और डॉ. नूतन भार्गव उपस्थित रहीं। समाज की सैकड़ों महिलाओं ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें नृत्य, गीत और नाट्य प्रस्तुतियां शामिल थीं।



मुख्य अतिथि डॉ. प्रतिभा रघुवंशी ने महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपनी सेहत को प्राथमिकता दें और नियमित जांच कराती रहें। वहीं, डॉ. नूतन भार्गव ने कहा कि महिला दिवस सिर्फ 8 मार्च को ही नहीं, बल्कि हर दिन मनाया जाना चाहिए। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने अधिकारों के लिए जागरूक रहने की प्रेरणा दी। संरक्षक मंडल की बहनों का कार्यक्रम में विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। महिला संगठन की अध्यक्ष सिद्धलता महाले ने अपने उद्बोधन में कहा कि नारी का हर जगह सम्मान होना चाहिए और उसे अपने अधिकारों से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने महिलाओं से एकजुट होकर समाज में अपनी स्थिति को सशक्त बनाने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में वंदना पंडाग्रे, सुनीता देशमुख, ज्योति बारस्कर, संगीता चढ़ोकार, अल्का वागद्रे, दीपिका वागद्रे और दुर्गा दवंडे का विशेष सहयोग रहा। महिलाओं के इस उमंग और ऊर्जा से भरे आयोजन ने पूरे क्षेत्र में एक सकारात्मक संदेश दिया और नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया।

## भजन संध्या का हुआ आयोजन



**बैतूल, देशबन्धु।** महिला युवा वाहिनी संगठन ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को भक्ति, सम्मान और जागरूकता के विशेष संगम के रूप में मनाया। खंजनपुर स्थित माता मंदिर में आयोजित इस कार्यक्रम में भजन संध्या के साथ-साथ महिलाओं ने आत्मनिर्भरता और शिक्षा के महत्व पर चर्चा की। प्रदेश अध्यक्ष कविता मालवी, जिला अध्यक्ष लता सोनी, सचिव पिंकी नामदेव और प्रदेश महामंत्री सरिता पवार के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। कार्यक्रम की शुरुआत भजन संध्या से हुई, जिसमें महिलाओं ने भक्ति गीत गाकर शक्ति और श्रद्धा का परिचय दिया। इसके बाद सभी महिलाओं ने अपने विचार व्यक्त किए और समाज में महिलाओं की स्थिति को मजबूत करने पर चर्चा की। कार्यक्रम में शामिल महिलाओं ने एक-दूसरे को सुहाग का सामान भेंट कर होली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के बाद महिला युवा वाहिनी की टीम ने कोठी बाजार थाना पहुंचकर वहां पदस्थ महिला अधिकारी चित्रा को गिफ्ट देकर सम्मानित किया।

## नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर से लौटे युवाओं का हुआ सम्मान



**बैतूल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल में राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर से लौटे शिविरार्थियों अक्षय मालवी और इस्तियाक अली का भव्य स्वागत किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मीनाक्षी चौबे, प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनीता सोनी, जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे, कार्यक्रम अधिकारी गोपाल प्रसाद साहू और कार्यक्रम अधिकारी शीतल खरे की उपस्थिति में दोनों शिविरार्थियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रो. राहुल सिंह ठाकुर और डॉ. शारदा कौशिक भी मौजूद रहे। वरिष्ठ स्वयंसेवक दीपाली पांडे, नवीन नागले, कोमल देशमुख, सुरभि जैन, आयुष घिंडोडे, निकिता सिरसाम, निशु पंवार, कल्पना धुर्वे, विशाल अमरुते, निशा किरोदे, आयुष नागोरे, खुशी, हेमा, प्रतिभा, खुशबू मकोड़े, कामिनी, विक्रम पहाड़े, आकाश, सोनाली और हर्षलता सहित अन्य स्वयंसेवकों ने दोनों शिविरार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

## देवी और वंदना ने उत्तीर्ण की राज्य पात्रता परीक्षा

**बैतूल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, जयंती हाक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय





बैतूल की प्राणीशास्त्र विभाग की छात्रा देवी मालवीय और शोध छात्रा वंदना खंडाते ने सहायक प्राध्यापक पात्रता के लिए आयोजित मध्य प्रदेश राज्य पात्रता परीक्षा (एमपी सेट) 2024 में सफलता हासिल की है। मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर द्वारा आयोजित इस परीक्षा में दोनों छात्राओं ने लाइफ साइंस विषय में शानदार प्रदर्शन किया। उनकी इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। महाविद्यालय की प्राचार्य और विभागाध्यक्ष डॉ. बीडी नागले सहित वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एसडी डोंगरे, डॉ. कमलेश अहिरवार, प्रो. संजय कुमार विश्वकर्मा, डॉ. प्रतिभा चौरे, डॉ. मनोहर राव गावंडे, प्रो. किरण खातरकर एवं अन्य शिक्षकों ने देवी और वंदना को शुभकामनाएं दी हैं।

# श्री बालाजी इंजीनियरिंग कॉलेज की छात्राओं ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्राप्त किया प्रथम स्थान

**बैतूल, देशबन्धु।** नेहरू युवा केंद्र बैतूल द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में श्री बालाजी इंजीनियरिंग कॉलेज की छात्राएं सम्मिलित हुई कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी प्रो. नीलेश मिश्रा के नेतृत्व में छात्राओं ने नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित विभिन्न विधाओं की जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग तृतीय वर्ष की छात्रा सुमति भोपते ने रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ब्रांच की छात्रा अनन्या शर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही साथ आयुषी पवार एवं कनक पवार जो कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग तृतीय वर्ष की छात्रा है, इन्होंने प्रथम एवं द्वितीय स्थान मेहंदी प्रतिस्पर्धा में हासिल किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी. जे. शाह ने इन छात्राओं का महाविद्यालय में कॉलेज स्टाफ के साथ स्वागत किया एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। इस जिला स्तरीय कार्यक्रम मे प्रो. मीणा सुने, प्रो. मोनिका रावत, प्रो. पूनम यादव एवं विभिन्न विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रो.विष्णुकांत मालवी, प्रो.भावेश खासदेव, प्रो. सतीश चढोकार, प्रो. हेमंत दवंडे, प्रो. हेमंत बढ़ोदे एवं प्रो. नितेश बर्डे ने छात्राओं का पूर्ण सहयोग किया एवं उनका मनोबल बढ़ाया।



मंच पर चढ़ गए क्षमता से अधिक नेता

# प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस का मंच गिरा, राजीव सिंह सहित एक दर्जन नेता घायल



## बैलगाड़ी और हल के साथ सेल्फी लेने के चक्कर में हुआ हादसा



**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन किसान कांग्रेस के प्रदर्शन के दौरान मंच टूट गया। इस घटना में वरिष्ठ कांग्रेस नेता के पेट में सरिया घुस गया, वहीं दर्जन भर अन्य कार्यकर्ता घायल हो गए। हादसे के बाद गंभीर रूप से घायल कार्यकर्ताओं को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, जीतू पटवारी और उमंग सिंघार सहित अन्य नेताओं ने उनसे मुलाकात कर डॉक्टर से उनके इलाज के संबंध में बात की। जिसके बाद कांग्रेस नेताओं ने ज्वलंत मुद्दों को प्रदेश सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने कांग्रेस नेताओं पर वाटर कैनन से बौछारें कर उन्हें खदेड़ने का प्रयास किया।

विधानसभा घेराव के लिए प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, वरिष्ठ नेता मानक अग्रवाल, कमलेश्वर पटेल, मुकेश नायक, सचिन यादव सहित अनेक कांग्रेस नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे थे। प्रदर्शन के लिए कांग्रेस ने रंगमहल चौराहा पर मंच बनाया था। मंच पर बैलगाड़ी और हल रखा था, जिसके साथ कांग्रेस नेता सेल्फी ले रहे थे। जैसे ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मंच पर आए, अचानक भीड़ उनके साथ मंच पर चढ़ गई और मंच चरमराकर ढह गया। इस घटना में प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजीव सिंह के पेट में सरिया घुस गया। वहीं करीब दर्जन भर अन्य पार्टी पदाधिकारी घायल हो गए। घटना के बाद तत्काल मौके पर पहुंची एम्बुलेंस के जरिए इन कार्यकर्ताओं को गंभीर रूप से अस्पताल पहुंचाया गया। सिद्धांता अस्पताल में भर्ती राजीव सिंह का तकरीबन 3 घंटे चले ऑपरेशन के बाद शरीर से सरिया निकाल दिया गया है।

घायल पार्टी नेताओं को अस्पताल में भर्ती कराने के बाद कांग्रेस ने प्रदर्शन जारी रखा और विधानसभा घेराव के लिए आगे बढ़े जिन्हें पुलिस ने पहले से ही लगाए वेरिकेट्स पर रोक दिया। जब कांग्रेस नेताओं ने आगे बढ़ने की कोशिश की तो उन पर वाटर कैनन का प्रयोग कर खदेड़ने का प्रयास किया गया। वहीं हाथ में गेंहू की बालियां लेकर कांग्रेसी किसानों को वचन पत्र में किए गए वादे को पूरा करने की मांग करते रहे।

### कांग्रेस किसानों के साथ खड़ी है : पटवारी

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि भाजपा किसानों की आवाज दबाने का काम कर रही है, लेकिन मैं अन्नदाताओं को भरोसा दिलाना चाहता हूं, कि कांग्रेस पार्टी सदैव आपकी आवाज उठाने का काम करती आई है और आगे भी आपके संघर्षों को साथ में खड़ी है। उन्होंने कहा कि चाहे पुलिस और प्रशासन के जरिए जितना भी उनकी आवाज दबाने के लिए कितना ही प्रयास करें, लेकिन हम पीछे हटने वाले नहीं हैं। उन्होंने मांग की है कि भाजपा ने 2700 रुपये में गेहूं और 3100 में धान खरीदने का जो वायदा किसानों से किया सरकार उसे पूरा करे।

### हर मंडी पर करेंगे प्रदर्शन : सिंघार

इस दौरान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि सरकार किसानों की बात सुनना नहीं चाहती। कांग्रेस किसानों के हक के लिए आवाज उठाती है तो वाटर कैनन छोड़ा जाता है, लाठीचार्ज किया जाता है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि 'कांग्रेस पार्टी का दायित्व है कि भाजपा ने वचन पत्र में लाड़ली बहनों, किसानों और युवाओं के साथ जो वादा किया, उसे पूरा करे।

प्रदर्शन के दौरान ओमकार मरकाम, दिनेश गुर्जर, मितेन्द्र सिंह यादव, श्रीमती रोशनी यादव, जयश्री हरिकरण, श्रीमती विभा पटेल, पंकज उपाध्याय, रवि जोशी, योगेश यादव, महेन्द्र जोशी, यादवेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र पटेल, विधायक भैरोसिंह बापू, रिंकी रघुवंशी, मनोज राजानी, प्रदीप अहिरवार, वरिष्ठ नेताओं सहित हजारों की संख्या में कांग्रेसजन, किसान नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

शिवपुरी में प्रदेश के 9वें टाइगर रिजर्व का शुभारंभ, मुख्यमंत्री ने कहा-

# प्रदेश में वन्य जीव पर्यटन से होगी रोजगार में वृद्धि

## माधव, कूनो और घड़ियाल अभ्यारण्य से चंबल क्षेत्र में विकास के नए द्वार खुलेंगे





**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को शिवपुरी में नवनिर्मित माधव टाइगर रिजर्व का शुभारंभ किया। यह मध्यप्रदेश का 9वां और देश का 58वां नेशनल टाइगर रिजर्व है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुनर्स्थापन प्रक्रिया से यहां लाई गई एक बाघिन को टाइगर रिजर्व क्षेत्र के मुक्त आवास में छोड़ा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज का दिन चंबल क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक है। माधव टाइगर रिजर्व में बाघों का पुनर्स्थापन हो रहा है। वन्य जीवों के संरक्षण के प्रति प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से राज्य को 9वें नेशनल टाइगर रिजर्व की अभूतपूर्व सौगात मिली है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्र सरकार के सहयोग के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार माना। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टाइगर रिजर्व के प्रतीक चिन्ह (लोगो) के विमोचन के साथ बाउन्ड्री वॉल का लोकार्पण भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार चंबल क्षेत्र में वन्य जीव पर्यटन को बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। प्रदेश में वन संपदा है और वन्य जीव बड़ी संख्या में हैं। चंबल क्षेत्र के कूनो में चीता, चंबल नदी में घड़ियाल और अब माधव नेशनल पार्क में बाघ पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनेंगे। चंबल में वन्य जीव और मनुष्य मिलकर सह-अस्तित्व के भाव से अपनी-अपनी जिंदगी जी रहे हैं। यह अद्भुत नजारा केवल चंबल में देखने को मिलता है। राज्य सरकार के प्रयासों से यहां पर्यटन बढ़ेगा, रोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी और ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के लिए विकास के नए द्वार खुलेंगे।

यह कोई चिड़ियाघर नहीं, बल्कि मुक्त क्षेत्र है, जो वन्य जीवों के साथ-साथ आम लोगों के लिए भी खुला रहेगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने माधव टाइगर रिजर्व के लोगो का विमोचन किया और माधव नेशनल पार्क की बाउंड्रीवॉल का लोकार्पण भी किया।

### अब चंबल में भी सुनाई देगी बाघ की दहाड़

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत और विश्व में सबसे ज्यादा टाइगर मध्यप्रदेश की भूमि पर पाए जाते हैं। मध्यप्रदेश को टाइगर स्टेट का दर्जा प्राप्त है। बाघों के विचरण के लिए सिर्फ चंबल क्षेत्र ही शेष था। यह कमी भी आज पूरी हो गई है। स्व. माधवराव सिंधिया की जयंती पर इस बाघ आरक्षित क्षेत्र का लोकार्पण राज्य के समग्र विकास के लिए बढ़ते कदम हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव चंबल ने प्रदेश में वन्य जीव पर्यटन के मामले में अपार संभावनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि माधव टाइगर रिजर्व नया इतिहास लिखेगा। यह क्षेत्र अब बाघों के पुनर्वास से अपनी नई पहचान बनाएगा। यहां पहले से भालू, तेंदुआ, हिरण, चिंकारा, भेड़िया, सियार, साही, अजगर और गिद्ध जैसे वन्य प्राणियों का बसेरा है।

### चंबल क्षेत्र में वन्यजीव पर्यटन की संभावनाएं प्रबल हुईं : सिंधिया

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ग्वालियर-चंबल क्षेत्र को ऐतिहासिक सौगात देने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि माधव टाइगर रिजर्व, पन्ना टाइगर रिजर्व के बाद मध्यप्रदेश का तीसरा पुनर्जीवित किया गया नेशनल पार्क है। इससे चंबल क्षेत्र में वन्य जीव पर्यटन की संभावनाएं प्रबल हुई हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी की पहल पर कूनो नेशनल पार्क में देश में विलुप्त हो चुके चीता को फिर से बसाया गया है। उन्होंने 10 मार्च 2023 को माधव नेशनल पार्क में पूर्व में 3 बाघ छोड़े थे। आज एक बाघिन को छोड़ा गया है। अब कूनो और माधव टाइगर रिजर्व का संयुक्त क्षेत्र 3000 वर्ग किलोमीटर से अधिक हो जाएगा। केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ मिलकर माधव टाइगर रिजर्व के विकास के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कही। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, वन राज्यमंत्री दिलीप सिंह अहिरवार सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# स्व. माधवराव सिंधिया को जयंती पर अर्पित की पुष्पांजलि

**ग्वालियर, देशबन्धु।** स्व. माधवराव सिंधिया की 80वीं जयंती पर भजन संध्या में हुए शामिल पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. माधवराव सिंधिया की 80 वीं जयंती पर सोमवार को सिंधिया परिवार के छत्री परिसर में स्व. माधराव सिंधिया की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव भजन संध्या में भी शामिल हुए। उन्होंने भजन संख्या में उपस्थित धर्मगुरुओं एवं संतजन का सम्मान भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर व सांसद वी.डी. शर्मा ने भी स्व. माधवराव सिंधिया की



प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

भजन संध्या में जल संसाधन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, विधायक मोहन सिंह राठौर, पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया, डॉ. नरोत्तम मिश्रा, अनूप मिश्रा, रामनिवास रावत, श्रीमती माया सिंह, ध्यानेन्द्र सिंह, प्रभुराम चौधरी, श्रीमती इमरती देवी एवं जय प्रकाश राजौरिया, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद , रामनिवास रावत, प्रदेश महामंत्री रणवीर सिंह रावत, पूर्व सांसद विवेक नारायण शेजवलकर, संभाग प्रभारी विजय दुबे, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल सहित कई पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कलेक्टर और पुलिस अधिकारियों ने संवेदनशील इलाकों में पूरी रात किया गश्त

# महू में उपद्रव के बाद स्थिति नियंत्रण में, 13 गिरफ्तार

**भोपाल/ महू, देशबन्धु।** दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मैच में भारत की विजय के बाद इंदौर जिले के महू में निकाले जा रहे विजयी जुलूस पर रविवार देर रात पथराव और आगजनी की घटना के बाद स्थिति नियंत्रण में है। जुलूस में शामिल लोगों द्वारा नारेबाजी करने और पटाखा चलाने के बाद जुलूस पर पथराव के बाद संघर्ष की स्थिति बनी और उपद्रवियों ने सड़क किनारे खड़े दुपहियां और चार पहिया वाहनों को आग के हवाले कर दिया था, वहीं घरों को आग लगाने की कोशिश की गई। रविवार देर रात हुए इस उपद्रव में 4 लोग घायल हो गए, जबकि 3 कारों सहित कई दोपहिया वाहनों में आग लगा दी थी।

घटना के बाद पूरी रात कलेक्टर और पुलिस अधिकारियों ने संवेदनशील इलाकों में गश्त की। उपद्रव की जानकारी मिलने के बाद महू सैन्य छावनी क्षेत्र में सेना भी अलर्ट हो गई थी। इसके बाद सेना की क्विक रिस्पॉन्स टीम ने भी विवादित स्थानों पर मोर्चा संभाला। पुलिस ने उपद्रव करने के आरोप में सीसीटीवी फुटैज और सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर 17 लोगों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया हैं। इनमें से 13 लोगों को हिरासत में लिया है। प्रशासन द्वारा आरोपियों के खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई की जाने की तैयारी की जा रही है।

इसके अलावा, कलेक्टर आशीष सिंह के मुताबिक प्रशासन अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रख रहा है और सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। श्री सिंह के मुताबिक माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है, इसलिए महू, मानपुर, किशनगंज, बेटमा, सिमरोल, बड़गोंदा समेत 10 थानों की पुलिस और एसएएफ की एक बटालियन तैनात की गई है। पुलिस ड्रोन से भी निगरानी कर रही है और सोशल मीडिया पर नजर रखी जा रही है।

हिंसा के विरोध में हिंदू जागरण मंच ने सोमवार को महू में बाजार बंद का आव्हान किया था, इसके बाद भी सुबह स्थिति सामान्य रही और बाजार खुले रहे, हालांकि हिंदू संगठनों के लोग दुकानों को बंद कराने की कोशिश करते नजर आए। वहीं शहरकाजी मोहम्मद जाबिर ने प्रशासन की तैयारियों पर सवाल उठाए हैं। महू की जामा मस्जिद के इमाम मोहम्मद जावेद ने कहा कि जब तरावीह की नमाज चल रही थी, तभी बाहर से जुलूस निकला, जिसमें शोर-शराबा और आतिशबाजी हो रही थी। इसी दौरान अंदर किसी ने सुतली बम फेंका, जिससे भगदड़ मच गई और विवाद शुरू हो गया।

## उच्च शिक्षा विभाग की विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठक हुई

**भोपाल, देशबन्धु।** उच्च शिक्षा विभाग की विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठक उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परामार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विधायक श्रीमती प्रियंका पैची, श्रीमती झूमा डॉ. ध्यान सिंह सोलंकी एवं राजेन्द्र भारती, अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन एवं आयुक्त उच्च शिक्षा निशांत वरवड़े उपस्थित थे। बैठक में महाविद्यालयों में छात्रों एवं प्राध्यापकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने, महाविद्यालयों में नये संकाय शुरू करने, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, जन-भागीदारी समितियों में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने के सुझाव विधायकों ने दिये। बैठक में शिक्षकों के प्रशिक्षण, पदोन्नति, वेतन वृद्धि, स्थायीकरण, प्रौद्योगिकी उपयोग, स्थानांतरण प्रकिया, शिकायत निवारण समितियां और संसाधन बैंक बनाने जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।

5 शहरों में 5 दिन 44 ठिकानों पर चली जांच

# पकड़ी गई 2 सौ करोड़ से ज्यादा की आयकर चोरी

**भोपाल, देशबन्धु।** आयकर विभाग ने राजधानी दिल्ली, जबलपुर, रायपुर, जगदलपुर और सतना शहर में 5 दिन तक 44 ठिकानों पर जांच के दौरान करीब 2 सौ करोड़ से ज्यादा की आयकर चोरी पकड़ी है। इसके अलावा साढ़े 6 करोड़ से ज्यादा की नगदी और ज्वेलरी जप्त की गई है। विगत 4 मार्च से आयकर विभाग ने 5 बड़े करोबारी नरेश गोयल, सुनील सेनानी, अतुल मेहरोत्रा, संतोष गुप्ता और सीताराम अग्रवाल के सतना सहित दिल्ली, जबलपुर, रायपुर और जगदलपुर के ठिकानों पर एक साथ छापे मारे। आयकर विभाग की टीम गाड़ियों में शादी के स्टिकर लगाकर पहुंची थी। आयकर की टीम ने 5 दिन तक जांच के बाद जांच की प्रक्रिया को पूरा किया। ये सभी कारोबारी बिजनेस के चलते आपस में जुड़े हुए थे।

आयकर विभाग के महानिदेशक इन्वेस्टिगेशन सतीश गोयल के मुताबिक सोमानी ग्रुप के मॉल का वैल्यूएशन कराया जा रहा है। इसके अलावा बाकी कारोबारियों के एक होटल और 2 घरों का भी वैल्यूएशन कराया जा रहा है। अगर इन प्रॉपर्टीज की वैल्यू कारोबारियों द्वारा बताई गई राशि से अधिक आई तो कर चोरी का आंकड़ा और बढ़ सकता है। यहां कैश में काफी लेनदेन मिला। 50 लाख रुपए के फ्लैट में 25 लाख रुपए का नगद भुगतान किया गया। इसके अलावा सिविल कांट्रेक्टर मेहरोत्रा के यहां से भारी मात्रा में बोगस बिल जब्त किए गए। इनके यहां कर्मचारी के नाम पर फर्म बनाकर बोगस बिल तैयार किए जा रहे थे। अन्य कारोबारी रामा ग्रुप के यहां से भी स्टील के काम में फर्जी खरीदी का खुलासा हुआ है। इन ग्रुपों के यहां हुई कार्रवाई में इन्वेस्टमेंट के भी डाक्यूमेंट्स मिले हैं, जिसकी पड़ताल की जा रही है।

## लोक निर्माण विभाग का एसडीओ 25 हजार की रिश्वत के साथ गिरफ्तार



**भोपाल, देशबन्धु।** श्योपुर जिले के विजयपुर में आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ की टीम ने लोकायुक्त और पुलिस के साथ मिलकर बड़ी कार्रवाई की है। लोक निर्माण विभाग के एसडीओ देवदत्त शर्मा को 25 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसडीओ शर्मा पर एक ठेकेदार से रेस्टहाउस के मेंटेनेंस का बिल पास कराने के एवज में 40 हजार रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप लगा था। आरोपी ने जैसे ही रिश्वत की रकम ली, वैसे ही टीम ने उसे दबोच लिया।

ठेकेदार राजपाल धाकड़ और देवेंद्र धाकड़ ने ग्वालियर ईओडब्ल्यू के पुलिस अधीक्षक के पास शिकायत की थी। ईओडब्ल्यू की जांच में यह मामला सही पाया गया, जिसकसे बाद आगे कार्रवाई की गई। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ की टीम आवेदक राजपाल धाकड़ को लेकर एसडीओ के आवास पहुंची। राजपाल को केमिकल लगे 25 हजार रुपए देकर अंदर भेजा। रुपयों का लेन-देन होते ही राजपाल के संकेत पर टीम ने एसडीओ को पकड़ लिया। उसके पास से रिश्वत की राशि बरामद कर ली गई। आरोपी एसडीओ शर्मा और सब इंजीनियर शैलेन्द्र पचौरी के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

भगोरिया महोत्सव में शामिल हुए विजयवर्गीय, बोले-

# अलीराजपुर के लोगों के चेहरे का निखार उनके आत्मविश्वास को देखकर मन गदगद है

**भोपाल, देशबन्धु।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि अलीराजपुर आकर भगोरिया महोत्सव में शामिल होकर में गर्व का अनुभव कर रहा हूँ। भगोरिया महोत्सव में उन्होंने कहा कि लोगों के चेहरे का निखार उनके आत्मविश्वास को देखकर मन गदगद है। अलीराजपुर ने पिछले 20 वर्षों में तरक्की की नई ऊँचाईयों को छूआ है। आज लोगों के पक्के मकान है, घर-घर तक जल पहुंच रहा है, आज जिले के किसान साल में 3ङ्क3 फसलें लें रहे है, ये स्थिति पिछले 20 वर्षों में बदली है। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने आज यह बात आज भगोरिया महोत्सव में शामिल होने के बाद कहीं।

मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि राज्य सरकार के प्रयासों को धरातल तक लाने के लिए मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने मेहनत की है। उन्होंने बताया कि वे पिछले 40 वर्षों से अलीराजपुर आ रहे है। राज्य सरकार के प्रयासों से पलायन पहले की तुलना में कम हुआ है, सम्पन्नता बढ़ी है और जनजातीय अंचल के नागरिकों के अंदर आत्म-



विश्वास का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज के भगवान बिरसा मुंडा के योगदान एवं कार्यों को विश्व स्तर तक पहुंचाने का कार्य प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लगातार किया जा रहा है। भगोरिया महापर्व उल्लास के साथ मनाया जाता रहे इसके लिए राज्य सरकार प्रयास कर रही है। भगोरिया महापर्व में मंत्री श्री विजयवर्गीय एवं राज्य मंत्री श्री गौतम टेटवाल का स्वागत जनजातीय संस्कृति को परिलक्षित करती हुई जैकेट और साफा पहनाकर मंत्री श्री नागर सिंह चौहान एवं सांसद श्रीमती अनिता नागर सिंह चौहान द्वारा किया गया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**युवा, गरीब, किसान और....** कि काली सिंध परियोजना से मध्य प्रदेश का बड़ा इलाका लाभान्वित होगा। इस परियोजना से राजस्थान को भी लाभ मिलेगा। वहीं ताप्ती बेसिन परियोजना से प्रदेश के बुरहानपुर और खंडवा जिले को सिंचाई का लाभ मिलेगा। राज्यपाल ने बताया कि सरकार प्रदेश में 780 पीएमश्री स्कूलों की स्थापना का लक्ष्य लेकर चल रही है। साथ ही, जबलपुर, सागर, उज्जैन और रीवा में शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों को अपग्रेड कर मध्य प्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की स्थापना की जाएगी।

अभिभाषण में कहा गया कि प्रदेश सरकार ने कायाकल्प योजना के तहत 1263 किलोमीटर की उच्च गुणवत्ता वाली सड़कों का निर्माण करने का कार्य शुरू किया है। सरकार का उद्देश्य प्रदेश में सड़क परिवहन सेवाओं को और बेहतर बनाना है, जिसके तहत जल्द ही अलग से कंपनी बनाकर लोक परिवहन बस सेवा की शुरुआत की जाएगी। राज्यपाल ने अभिभाषण में यह भी बताया कि प्रदेश में मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिसमें इंदौर-उज्जैन-देवास-धार और भोपाल के साथ सीहोर-रायसेन-विदिशा-ब्यावरा, राजगढ़ को एकीकृत कर विकसित किया जाएगा। अंत में, राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश में विमानन सेवाओं के विस्तार के तहत दतिया और सतना हवाई अड्डों का जल्द लोकार्पण किया जाएगा।

**कांग्रेस विधायक नकाब बांधकर....** बजट सत्र की अवधि कम होने पर सवाल उठाए और कहा कि यह बहुत छोटा बजट सत्र है, इसमें आठ या नौ दिन की बैठकें ही होंगी। विधायक का जो अधिकार होता है, जैसे सभी विषयों पर विभागों की पूरी चर्चा हो, हमारे जो प्रश्न हैं, उनका जवाब मिले। इस तरह हमारे अधिकार का हनन किया गया है। इसी लिए यह प्रदर्शन किया जा रहा है। कांग्रेस चाहती है कि बजट सत्र 20 से 25 दिन का हो, मगर इसे सिर्फ नौ दिन का किया गया है। इस दौरान प्रदेश के महत्वपूर्ण मुद्दों, बजट पर चर्चा नहीं हो सकती। प्रदेश के इतिहास में पहली बार इतना छोटा बजट सत्र हो रहा है। विधायक सचिन यादव का कहना है कि राज्य की विधानसभा के इतिहास में यह पहला अवसर है जब बजट सत्र इतना छोटा है। यह कहीं न कहीं सरकार संदेश दे रही है कि जो जनता से जुड़े और गंभीर मुद्दे हैं, उनके अनदेखा कर रही है। इसके विरोध के प्रतीक के तौर पर काला नकाब पहनकर हम आए हैं।

**33 प्रतिशत महिला आरक्षण....** कहा, एक तरफ संसद का बजट सत्र चलेगा और दूसरी तरफ महिला कांग्रेस इसे (33 प्रतिशत महिला आरक्षण) लागू कराने के लिए सड़क पर आंदोलन करेगी। लोकसभा में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी इस मुद्दे पर आवाज उठाएंगे, जबकि राज्यसभा में मल्लिकार्जुन खड़गे और सोनिया गांधी भी बोलेंगे। अलका लांबा ने महिला सुरक्षा का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि देश में आज महिलाएं असुरक्षित हैं। गुजरात में भाजपा विधायक ने दलित बेटी के साथ बलात्कार किया,है, लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं होती है। ऐसा ही दिल्ली में बृजभूषण शरण मामले में हुआ, सुप्रीम कोर्ट के कहने के बाद एफआईआर हुई। मगर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

**भूपेश बघेल के घर....** किसी को नहीं मालूम। क्यों हो रही है? नहीं मालूम। उन्होंने आगे कहा कि आज से कुछ दिनों पहले कोर्ट ने सीबीआई का एक केस जो बघेल के खिलाफ था, उसको खारिज कर दिया था। उनके खिलाफ कोई केस नहीं है। फिर भी आज ईडी की छापेमारी उनके आवास पर चल रही है। आज संसद का सत्र शुरू हो रहा है। भाजपा चारों तरफ से घिरी हुई है। छापेमारी ध्यान भटाकने का एक षड्यंत्र है। ये भी हो सकता है कि भूपेश बघेल पंजाब में अपनी राजनीतिक गतिविधि अब शुरू कर रहे हैं, प्रभारी बने हैं। उनको वहां परेशान करने की कोशिश की जा रही हो। भारतीय जनता पार्टी का एक अंग बनकर आज ईडी जिस तरह से काम कर रही है यह भुला नहीं जाएगा, हम भी याद रखेंगे।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड फौजदार गैरेज पवारखेड़ा इटारसी रोड नर्मदापुरम से मुद्रित एवं 45, वार्ड नं. 6, कसेरा मुहल्ला नर्मदापुरम म.प्र. से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** फोन 422297। ई-मेल deshbandhuhbd1@gmail.com समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।